हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 9 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री



10 पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान का विमोचन



10 अतिक्रमण हटाने के बाद व्यवस्थापन के लिए निरीक्षण, गुमटी लगवाने की योजना



# दिनभर तेज धूप के बाद शाम को आए बादल और बरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसूनी हवाएं कमजोर हो गई है। इसकी वजह से मानसूनी बारिश रूठ सी गई है। जून महीने के अंतिम सप्ताह में हुई बारिश से मानसून समय पहले आने की घोषणा मौसम विभाग ने की थी। लेकिन पिछले एक सप्ताह से बारिश का नामोनिशान नहीं हैं। रविवार की शाम आसमान पर काले बादल छाए और बारिश भी शुरू हुई जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

### तीन दिनों तक बारिश कहीं-कहीं

मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ 54 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ लद्दाख और उससे लगे कश्मीर के उपर स्थित है। प्रदेश में 9 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है।

### पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हवा का पैटर्न बदला

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के पैटर्न में बदलाव होता है। इसके कारण अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर है। अगले 3 दिनों तक स्थिति यही बने रहने की संभावना है। तब तक अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। न्यूनतम तापमान भी घटेगा।

### मानसूनी हवाएं कमजोर होने से बारिश में हो रही दिक्कतें



### तापमान फिर 38 डिग्री पार

बारिश नहीं होने के बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अधिकतम तापमान रविवार को 38.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान बढ़ता ही गया है। इन दिनों 36 से 38 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा है।

### खेती-किसानी की बढ़ी चिंता

मानसूनी बारिश की शुरूआत नवतपा में ही हो गई थी। लगातार बारिश होने और मौसम विभाग द्वारा मानसून छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पहुंचने के बाद किसानों ने खेती- किसानी की ओर रूख करना शुरू कर दिया था। लेकिन इस महीने से बारिश अचानक रूक जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान इस आशंका में है कि यदि खर्रा बोनी कर दी तो बारिश नहीं होने से बीज अंकुरित नहीं होगी और खराब हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### लोगों को डराने वाला पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि होण्डा शो रूम के बगल, खण्डहर के पास धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक की शिकायत छावनी पुलिस से हुई। पुलिस ने युवक को घेराबंदी कर पकड़ा है। पूछताछ करने पर अपना नाम देवेन्द्र सोनकर टाटा लाईन सूर्या नगर फल मण्डी कैम्प 2 का रहने वाला बताया है। थाना प्रभारी छावनी नवी मोनिका पाण्डे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### बिजली पोल हुआ क्षतिग्रस्त, अपराध दर्ज

**भिलाई।** अवैध रुप से मुरम खनन कर बिजली पोल के बेस को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984,3 भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003,139, बीएनएस 2023, 324(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा वितरण केंद्र कार्यालय में कनिष्ठ यंत्री कार्यालय प्रभारी संदीप वर्मा ने शिकायत किया। बताया गया है कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र गिरहोला मे गिरहोला लाईन, गिरहोला पंप, खपरी बस्ती लाईन के समीप अज्ञात लोगो ने अवैध मुरूम खनन कर बिजली पोल के बेस को कमजोर कर नुकसान पहुंचाया है। अहिवारा वितरण केन्द्र के अंतर्गत स्थापित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र गिरहोला के पीछे, बाजू में भू-माफिया के द्वारा अवैध खनन का कार्य किया जा रहा है। जिससे 33 केव्ही गिरहोला लाइन, 11 केव्ही गिरहोला पंप तथा खपरी बस्ती लाइन के समीप खनन की वजह से पोल का बेस कमजोर हो गया है। बिजली पोल गिरने की कगार पर है। पोल गिरने पर कभी भी हादसा हो सकता है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द मुरूम खनन करने वालों पर पुलिस शिकंजा कसेगी।

### दुर्ग जिले से 2166 है लापता, पुलिस का चल रहा है अभियान

# 'ऑपरेशन तलाश' में वीडियो व वाट्सअप कॉलिंग से 108 लापता को खोज निकाला

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

*पुलिस का ऑपरेशन तलाश दुर्ग जिले में शुरु हो गई है। इस अभियान में नए तरीके से लंबे समय से लापता लोगों को खोजबीन करने में जुट गई है। दुर्ग जिले में अब तक 933 पुरुष और 1233 महिलाएं गायब है। लापता लोगों के खोजबीन करने के लिए जिले के एसएसपी विजय अग्रवाल स्वयं मॉनिटरिंग कर रहें है।*

जिले के सभी थानों में अलग-अलग टीमे बनाई गई है बड़े थानों में दो टीम बनी है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि लापता लोगों को खोजबीन के लिए वीडियो व वाट्सअप कॉलिंग का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

अलग खबर

दुर्ग पुलिस में सप्ताह भर में 108 लापता लोगों को खोज निकाला है। यह अभियान 1 से 30 जून तक विशेष ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दुर्ग जिले में गुम हुए इंसानों को ढूंढगे और उनके परिवार वालों तक पहुंचाने का जिम्मा पुलिस ने उठाया है। पुलिस प्रशासन के साथ जिला प्रशासन की टीम और सामाजिक संगठन के लोग भी इसमें शामिल हो रहें है।

### तकनीकी संसाधनों का भरपूर उपयोग

ऑपरेशन तलाश के दौरान पुलिस ने तकनीकी संसाधनों का भरपुर उपयोग कर रही है। मोबाइल लोकेशन ट्रेसिंग, सोशल मीडिया, रेलवे स्टेशन एवं अन्य माध्यमों से गहन पड़ताल की जा रही है। सभी टीमों ने विभिन्न राज्यों एवं जिलों में दबिश देकर लापता लोगों को खोजकर निकाला जा रहा है। इनमें से कई रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, निजी ठिकानों और अन्य स्थानों से मिली। हर बरामद लोगों को परिवार से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज सत्यापन के बाद सौंपा जा रहा है। पुलिस ने बालक बालिकाओं को तलाश कर परिजनों को बुलाकर सौंपा है। समाज में पुलिस की सकारात्मक सक्रियता से बेटियों के परिजनों को बड़ी राहत मिली है।




### थानों में बनाई गई है टीम

ऑपरेशन तलाश के नोडल अधिकारी दुर्ग ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा, सहायक नोडल अधिकारी में क्राइम डीएसपी अजय सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों (सीडब्लूपीओ) को थाने स्तर पर ऑपरेशन तलाश का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही साथ 23 थानों में दुर्ग, धमधा, खुर्सीपार, बोरी लिटिया, कुम्हारी, मोहन नगर, भिलाई भट्ठी, भिलाई नगर, पाटन, पुरानी भिलाई, पुलगांव, रानीतराई, सुपेला -स्मृति नगर चौकी, उतई, छावनी, वैशाली नगर, जामुल, जामगांव आर, नंदिनी, अंडा, अमलेश्वर, पद्मनाभपुर के उप निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षकों की टीम बनाई गई है।

### इन थानों से मिले है लापता

| | |
|---|---|
| छावनी | 2 |
| जामुल | 9 |
| खुर्सीपार | 7 |
| पुरानी भिलाई | 4 |
| कुम्हारी | 4 |
| भिलाई नगर | 6 |
| भिलाई भट्ठी | 3 |
| सुपेला | 8 |
| वैशाली नगर | 6 |
| नेवई | 4 |
| कोतवाली दुर्ग | 5 |
| मोहन नगर | 2 |
| पुलगांव | 9 |
| पदमनाभपुर | 8 |
| धमधा | 9 |
| नंदिनी | 1 |
| बोरी | 3 |
| पाटन | 1 |
| रानीतराई | 3 |
| उतई | 6 |
| अंडा | 4 |
| अमलेश्वर | 2 |
| जामगांव आर | 2 |

### तलाश के लिए बनाई गई है टीम, सात दिनों 108 को खोज निकाला

ऑपरेशन तलाश के तहत पुलिस ने सात दिनों में 108 को खोज निकाला है। अभियान में वाट्सअप कॉलिंग, वीडियो से भी तलाश की जा रही है। थाना क्षेत्रों में अलग-अलग टीमे बनाई गई है। बडे थानों में दो टीमे है। हमारी टीम ऐसा प्रयास कर रही है कि माह भर में सारे लापता को खोजकर निकाला जाएगा।

**विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग



### सितंबर-अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य

# दुर्ग स्टेशन रि-डेवलपमेंट वर्क डीआरएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अमृत भारत योजना के अंतर्गत दुर्ग रेलवे स्टेशन का रिडेवलपमेंट सितंबर से अक्टूबर पूरा हो जाने का अनुमान है। इसी के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर काम किया जा रहा है। काम पूरा हो जाने के बाद यात्री सुविधा वर्तमान से बेहतर हो जाएगी। यह बातें रायपुर रेल मंडल के डीआरएम दयानंद ने दुर्ग रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट कार्य का निरीक्षण करने के बाद कही। रायपुर मंडल के डीआरएम दयानंद ने दुर्ग सहित विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों का जाएजा लिया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। डीआरएम ने भिलाई नगर और कुम्हारी स्टेशनों पर अमृत योजना के तहत किए जा रहे रिडेवलपमेंट कार्यों का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को समय पर काम पूरा करवाने के भी निर्देश दिया। मीडिया से चर्चा में डीआरएम ने बताया कि उनका यह दौरा एक रुटिन निरीक्षण के तहत है। ऐसा निरीक्षण हर महीने होता है। स्टेशन पर क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, समय समय पर निरीक्षण करने पर ही इसका पता चलता है। संरक्षा, सुरक्षा और यात्री सुविधा के लिहाज से यह निरीक्षण किया गया है। दुर्ग स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत रिडेवलपमेंट और यात्री सुविधा से संबंधित विकास कार्य चल रहा है। इसकी समीक्षा भी किया गया है। डीआरएम

- डीआरएम पहुंचे दुर्ग, भिलाई रेलवे स्टेशन

दयानंद ने बताया कि रायपुर मंडल के 15 स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत रिडेवलपमेंट किया जा रहा है। जिसमें से तीन स्टेशन उरकुरा , भिलाई और भानुप्रतापपुर का निर्माण पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों उद्घाटन किया जा चुका है। शेष बचे 12 स्टेशन में से 9 का 70 से 80 फीसदी रिडेवलपमेंट कार्य हो चुका है।

### वैशालीनगर थाना क्षेत्र की घटना

# चार लोगों ने मिलकर किया 1.30 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रॉपर्टी डीलर रकम दोगुना करने के लालच में 1 करोड़ 30 लाख रुपए का ठगी का शिकार हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी, 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कोहका निवासी ज्ञान प्रकाश साहू प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। वो माइंड एंड मेमोरी नाम से एक कंपनी भी चलाता है। कंपनी के प्रमोशन के दौरान साल 2019 में उसकी पहचान चार लोगों से हुई। उन लोगों ने ज्ञानप्रकाश को झांसा दिया कि रोबो टेडर्स एफएस लिमिटेड और इंफिनॉक्स कैपिटल नाम से कंपनी चलाते हैं। कंपनी में शेयर ट्रेडिंग का काम होता है। वो लोग एआई के जरिए लोगों का पैसा

- शेयर मार्केट और रकम दोगुना के नाम पर

शेयर मार्केट में जमा करवाते हैं। इसमें कम समय में इनवेस्टर का रकम दोगुना होता है, बल्कि वो उस पैसे में 10 प्रतिशत का वापस भी देते हैं। ज्ञान प्रकाश साहू उनके झांसे में आकर शुरूआती दौर में उसे मुनाफा भी मिला। उसके बाद ज्ञानप्रकाश ने 2019 से 2022 के बीच तीन साल में 1 करोड़ 30 लाख रुपए उक्त कंपनी में लगा दिया। जब तीन साल हुआ तो ज्ञान प्रकाश साहू का रकम डबल नहीं हुआ तो उसने चारों से मुलाकात कर पैसा मांग मांगना शुरु किया। नहीं देने पर रकम डबल नहीं चाहने की शर्त पीड़ित ने रखा। 27 जुलाई 2023 को चारों ठगों ने मिलकर ज्ञान प्रकाश के साथ एक एग्रीमेंट किया कि वो उसे पैसा दे देंगे। लेकिन समय बीतने के बाद भी पीड़ित का रकम नहीं मिल पाया। परेशान होकर शिकायत पुलिस से की गई।

### एसपी ने किया पुलिस कर्मियों का तबादला

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले की व्यवस्था बेहतरीन करने के लिए 119 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश रविवार को देर शाम जारी किया है। जिसमें 1 उप निरीक्षक, 26 सहायक उपनिरीक्षक, 12 प्रधान आरक्षक और 80 आरक्षको का तबादला किया है। इसके अलावा आदेश के बाद तुरंत पुलिस कर्मियों को नए थानों में तुरंत आमद देने को कहा है। गौरतलब हो कि कुछ दिनों पहले भी एसएसपी ने थानों में कसावट लाने के लिए निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया था। उसके बाद से लगातार लंबे समय से जमे थानों में पुलिस का तबादला हो रहा है।

# सीनियर ने जूनियर छात्र के साथ की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



कॉलेज छात्रों में आपस में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल छात्र ने शिकायत करने जेवरा सिरसा चौकी पहुंचा था। मिली जानकारी के मुताबिक

- जेवरा सिरास पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

रविवार की सुबह सीनियर छात्र पी गौरव और प्रेम सागर हॉस्टल पहुंचे। जहां उत्कर्ष नामक छात्र को कमरे से बाहर बुलाया और उसे पकड़कर बाहर लेकर गए। जहां ले जाने के बाद छात्र उत्कर्ष का आईफोन छीनने का प्रयास किया गया। जब उत्कर्ष ने फोन देने से मना किया तो सीनियर छात्रों ने जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित छात्र गोपाल सिंह के मुताबिक घटना 11.30 बजे रविवार की है। दोनों छात्र भिलाई के निजी कॉलेज के हास्टल में रहने वाला है। सीएसई ब्रांच से इंजीनियरिंग करने वाले प्रथम वर्ष का छात्र उत्कर्ष सिंह हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उत्कर्ष की जेब से 2 हजार रुपए,सोने की कान की बाली को उक्त छात्रों ने छिन लिया। इस दौरान पी गौरव, प्रेम सागर ने मिलकर उत्कर्ष को इतना पीटा कि उसका सिर फट गया। घटना की खबर लगते ही हास्टल के अन्य छात्रों ने जमकर हंगामा कर दिया।

### संस्था या कोई भी व्यक्ति ले सकता है गोद

# निगम देगा उद्यानों को गोद, पब्लिक भागीदारी की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई द्वारा पब्लिक भागीदारी के लिए निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था अपने आसपास के गार्डन को गोद ले सकता है। इसके लिए उसे 1000 रुपए का डीडी आयुक्त नगर निगम भिलाई एवं 10000 रुपए एफडी जमा करना होगा। बाद में एफडी ब्याज के साथ संबंधित संस्था को वापस हो जाएगा। 9 जून भाग लेने का आखिरी तिथि है।पोस्ट ऑफिस के माध्यम से निगम के पत्ते पर भेजना होगा। उसके बाद वहां की निविदा खोली जाएगी।

### इस तरह करनी होगी देखभाल

एक बार नगर निगम भिलाई द्वारा पूरे गार्डन को व्यवस्थित करके संबंधित संस्था को दे दिया जाएगा। अपने उद्यान की देखरेख करना, समय पर खोलना, समय पर बंद करना, आवश्यकता के अनुसार उसमें पानी डलवाना, यह सब कार्य उस संस्था को करना होगा। संस्था चाहे तो वहां पर अपना विज्ञापन बोर्ड, नाश्ते, चाय -पानी, दूध बिक्री इत्यादि का गुमटी लगा सकता है। नगर निगम भिलाई हर जगह कर्मचारी या चौकीदार नहीं रख रख सकता है। जब स्थानीय लोग सहयोग करेंगे तब और विकसित होगा।

### भेलवा तालाब पॉथवे की जनभागीदारी से सफाई



नेहरू नगर भेलवा तालाब में रविवार क्रेजी 36, भारत विकास परिषद, हैप्पी ग्रुप के सदस्य जो वहां पर प्रतिदिन टहलने एवं योगाभ्यास करने आते हैं। उनके द्वारा नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ सफाई अभियान चलाया गया। युवा वर्ग अपने हाथों में हेज कटर, कैची, दाव, गड़ासा इत्यादि लेकर के चल रहे थे। उन्हें जो भी डाली झुकी हुई दिखती थी या पाथवे पर फैलने की संभावना थी, उसकी कटाई-छटाई कर रहे थे। उनका कहना था कि हम लोग इस तालाब में टहलने आते हैं, गंदगी भी हम ही लोग के बीच से होता है। सफाई भी हम लोग कुछ तो कर सकते हैं। आयुक्त पाण्डेय स्वयं हेज कटर लेकर के झाड़ियों को काट रहे थे। इसके बाद वहां पर मनोरंजन के लिए रास्सा खींच प्रतियोगिता, योगाभ्यास, जुंबा, स्वच्छता अभियान पर परिचर्चा इत्यादि किया गया। आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित लोगों से कहा कि एक अच्छी पहल है। अगर युवा वर्ग इसमें शामिल होते हैं तो लोगों के बीच अच्छा संदेश जाएगा। नगर निगम भिलाई के संसाधन सीमित है हम सब लोग मिलकर के ही सफाई कर सकते हैं।

### इन लोगों ने दी जनभागीदारी

क्रेजी36 ग्रुप के सदस्य हरीश मिश्रा ने बताया पहले हम लोग आते थे यहां पर जुंबा खेल - कूद कुछ हंसी-मजाक मजाक करके चले जाते थे। आज नगर निगम के साथ मिलकर के जब हम लोग सफाई किए हैं, हमें अच्छा लगा। हम सब मिलकर के भी थोड़ा-थोड़ा प्रत्येक हफ्ते कुछ कुछ करेंगे एक बेहतर प्रयास हो सकता है। सफाई अभियान के दौरान नगर निगम भिलाई से जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू, उद्यान सुपरवाइजर विनोद, त्रिलोक ताम्रकार, वामन राव, क्रेजी 36 ग्रुप से वीरल नामदेव, हर्षा जवानी, महीप प्रधान, लकी, सौरभ चंद्राकर, भूषण, भारत विकास परिषद से सचिव जितेंद्र सिंह, सुभाष गुलाटी, नरेश गुप्ता, डॉक्टर गोस्वामी, विश्व हिंदू परिषद से शैलेंद्र सिंह परिहार, हैप्पी ग्रुप से डॉक्टर नवीन कौरा, संजय भाटिया, प्रदीप डालमिया, डॉ ललित पोपट, तुलसी भवानी, सुबोध अग्रवाल, एमपी सिंह, राजू इत्यादि उपस्थित रहे।

### मकान का दरवाजा काटकर लाखों की चोरी

**भिलाई।** मकान का जालीदार दरवाजे को काटकर लाखों के जेवरात व मोबाइल पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि उमरपोटी चंद्र नगर निवासी सशि कुमार उपाध्याय के मकान का गृह प्रवेश कार्यक्रम 6 जून को था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी अपने कमरे में सोने चले गए थे। इस दौरान भांजा मयंक मिश्रा भोर 4 बजे उठकर देखा तो दरवाजा खुला पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। ट्राली बैग समेत सोना चांदी के जेवरात, आई फोन समेत कई सामान गायब मिले। आसपास खोजबीन करने के बाद घर का सामान नहीं मिला। मकान से अज्ञात ने सोने का हार 80 ग्राम, चेन 40 ग्राम गायब हुआ। चोरी हुए सामानों की कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। पीड़ित दल्ली राजहरा माइंस में माइंस कंट्रोलर पद पर है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# युक्तियुक्तकरण ने बदली धमधा विकासखण्ड के विद्यालयों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कभी शिक्षकों के अभाव से जूझ रहे धमधा विकासखण्ड के ग्रामीण हाई स्कूलों की अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। लंबे समय तक शिक्षक विहीन रहने वाले चार शासकीय हाई स्कूलों में अब युक्तियुक्तकरण के पश्चात व्याख्याताओं की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे विद्यालयों में फिर से शैक्षणिक गतिविधियां गति पकड़ने लगी हैं और छात्र-छात्राओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। धमधा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल सिलितरा, बिरेझर, दनिया एवं पुरदा में वर्षों से स्वीकृत पदों के बावजूद एक भी व्याख्याता पदस्थ नहीं था। शिक्षकविहीन इन स्कूलों में पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। विशेष रूप से विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई लगभग ठप हो चुकी थी, जिससे कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ था। हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत इन विद्यालयों में व्याख्याताओं की नवीन पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल पेन्ड्री कु. में भी शिक्षा सुधार की लहर देखी जा रही है। पहले यह विद्यालय एकल शिक्षकीय था, जहां कुल 60 बच्चों पर केवल एक ही व्याख्याता पदस्थ थे। अब युक्तियुक्तकरण के बाद वहां तीन व्याख्याता पदस्थ कर दिए गए हैं, जिससे स्कूल का वातावरण पूरी तरह से बदल गया है और बच्चों को हर विषय में मार्गदर्शन मिल पाएगा।

## अधर में था 9वीं, 10वीं के छात्र-छात्राओं का भविष्य, शिक्षकों को मिली है नवीन पदस्थापना



### अभिभावकों में संतोष

विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता से अभिभावकों में भी संतोष है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने इस बदलाव का स्वागत करते हुए शिक्षा विभाग का आभार जताया और कहा कि यह निर्णय गांव के बच्चों के भविष्य को सवारने वाला है।

### शैक्षणिक स्थिति में सुधार

अब शासकीय हाई स्कूल सिलितरा, बिरेझर और दनिया में चार-चार व्याख्याता तथा शासकीय हाई स्कूल पुरदा में तीन व्याख्याता पदस्थ किए गए हैं। इन नियुक्तियों के बाद विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति में आश्चर्यजनक सुधार देखने को मिला है। अब प्रत्येक विषय के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं। अब कक्षाएं नियमित रूप से संचालित होंगी।

### पढ़ाई का बना माहौल

शासकीय हाई स्कूल सिलितरा के प्रभारी प्रधान पाठक ने बताया पिछले कुछ वर्षों से विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी थी। बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। लेकिन युक्तियुक्तकरण के बाद जो व्याख्याता पदस्थ किए गए हैं, उनसे विद्यालय में फिर से पढ़ाई का माहौल बना है। अब विद्यार्थियों में स्कूल आने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

### मिल पाएगा मार्ग दर्शन

नए शिक्षकों के आगमन से छात्र-छात्राएं भी अब अधिक उत्साह के साथ विद्यालय में पढ़ाई करेंगे। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिल पाएगा। कक्षा 9वीं के छात्र रोहित साहू ने बताया, पहले हमें सिर्फ नाम के लिए स्कूल आना पड़ता था, पढ़ाई नहीं हो पाती थी। अब हर विषय के लिए अलग-अलग शिक्षक होने से सभी विषय अच्छे से समझ में आएंगे।

### सकारात्मक संकेत

नवपदस्थ शिक्षक भी ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देकर संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में सीखने की गहरी ललक होती है। शिक्षक भी इसे समझते हुए पूरी निष्ठा के साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को तत्पर हैं। शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत की गई यह पहल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है। धमधा के स्कूलों में आया बदलाव यह दिखाता है कि शिक्षक समय पर हो तो बच्चों की पढ़ाई में भी बेहतर नतीजे देखने को मिलते हैं।

## खबर संक्षेप



### केंद्र संविधान के विपरीत काम कर रहा है: ताम्रध्वज

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक का आयोजन राजीव भवन में किया गया। रैली में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा और संविधान बचाने का संकल्प लिया। सभा में जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मौजूदा सरकार बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य हर बूथ और पंचायत स्तर पर मजबूती से संगठन खड़ा करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, जीतेन्द्र साहू, नंद कुमार सेन, योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, रिवेन्द्र यादव, देवेन्द्र देशमुख आदि उपस्थित थे।

### मुआवजा भुगतान में अनियमितता की होगी जांच

दुर्ग। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत जिला दुर्ग एवं राजनांदगांव में अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा भुगतान में संभावित अनियमितताओं की जांच की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार यह कार्रवाई व्यापक लोकहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

## समस्या : दिनभर में पचास कार्डधारियों को ही मिल पा रहा है राशन

# तीन माह के राशन के लिए छः बार अंगूठा, कार्डधारियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा एक साथ जून, जुलाई और अगस्त का राशन जारी किए जाने से दुकानदार जहां परेशान हो गए है, वहीं राशनकार्डधारियों की भी समस्या बढ़ गई है। एक राशनकार्ड के लिए दुकानदारों को पन्द्रह से बीस मिनट का समय लग रहा है। दिनभर में मुश्किल से पचास कार्ड से राशन दे पा रहे है। हालात यह है कि, कार्डधारियों को दिनभर घंटों लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा जून, जुलाई व अगस्त माह का राशन एक साथ दिए जाने के निर्देश दिए गए है। जिसे लेकर भंडारण का कार्य जिलेभर में शुरू कर दिया गया है। सबसे बड़ी समस्या इस बात को लेकर है कि, राशन दुकान बेहद छोटे है। दुकानें दस बाई दस की है। ऐसे में कई दुकानदार आबंटन के पहले ही गोडाउन उपलब्ध कराने की मांग खाद्य विभाग से कर रहे है। दुकानदारों को इस बात की चिंता है कि, तीन माह का राशन वे कहां रखेंगें। जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन ब्लाक में तीन सौ राशन दुकानें हैं, वहीं जिले के नगरीय निकायों में 350 दुकानों के जरिए 4 लाख 62 हजार 528 से अधिक कार्डधारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशन का वितरण किया जाता है।

### खास बातें

- जिले में साढ़े छः सौ से अधिक राशन दुकानें
- प्रत्येक माह साढ़े चार लाख से अधिक को होता है राशन वितरित
- प्रदेश में 13 हजार से अधिक दुकानों में भी वितरित होंगे राशन

### तीन माह का राशन रखने जगह तक नहीं, सर्वर की बड़ी विडंबना



#### जगह नहीं होने से भंडारण की समस्या

जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन भंडारण एक साथ किया जाना है। लेकिन जिले के राशन दुकान संचालक जगह नहीं होने से परेशान है। ऐसे में वे एक साथ राशन नहीं लाने की मांग कर रहे है। इधर जगह की समस्या होने के कारण अब तक राशन दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा भंडारण भी शुरू नहीं कराया गया है। दुकान संचालकों का कहना है कि, जगह नहीं होने से उन्हें सुरक्षित राशन रखने में दिक्कते आएगी।

#### केन्द्र व राज्य के कोटे का एक साथ राशन

कार्डधारियों से तीन माह के राशन के लिए छः बार अंगुठा लगवाया जा रहा है। केन्द्र और राज्य के कोटे को मिलाकर सभी से छः दफे अंगूठा लगवाने से अतिरिक्त समय लग रहा है। राशन दुकान संचालक रोशन चंद्राकर ने बताया कि उनके पास 18 सौ कार्ड है। ऐसे में अंगूठा लगाने के बाद प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर मोबाइल से ओटीपी भेजा जा रहा है। इस प्रक्रिया में एक कार्ड के लिए पन्द्रह से बीस मिनट लग रहा है। वे दिनभर में पचास कार्ड से वितरण कर पा रहे है। ऐसे में वे इस बात से चिंतित है, कि डेढ़ हजार से अधिक कार्डधारियों को कैसे राशन दे पाएंगे।

#### घटिया मशीन की सप्लाई से परेशान

जिलेभर में राज्य शासन द्वारा राशन कार्ड वितरित किए जाने के लिए नया पीओएस मशीन बांटा गया है। दुकानदारों ने बताया कि, इससे अच्छा पहले जारी किया गया मशीन था। नए मशीन में सर्वर की समस्या और अधिक समय लेने की बात सामने आ रही है। ऐसे में दुकानदार खुद कह रहे है कि, पुरानी मशीन ही अच्छी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि, फिर नए सिरे से मशीन जारी करने की नौबत क्यों आन पड़ी। बताया गया कि, जिलेभर में साढ़े छः सौ से अधिक पीओएस मशीन भेजे गए है।

**निर्देश मिले**

राज्य शासन से तीन माह का राशन वितरण किए जाने के निर्देश है। इसमें जो भी समस्या आ रही है, सभी का समाधान किया जाएगा।

-श्री अतरी, खाद्य अधिकारी दुर्ग

# अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने तहसीलदार ने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- सुमन नाडे सन ऊनी की याचिका पर कार्रवाई

नगर पालिक निगम क्षेत्र के शहरी ग्राम बोरसी रेलवे ट्रैक के पास बसे हुए लगभग तीन दर्जन अतिक्रमणकारियों को तहसीलदार दुर्ग ने भू राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत कार्यवाही करने नोटिस जारी किया है।

शिकायतकर्ता सुमन नाडेसन ऊनी द्वारा ग्राम बोरसी की शासकीय भूमि खसरा नंबर 194/1 पर अतिक्रमण बिरांची चौधरी, जीवन यादव, कुंज साहू, ज्ञान दास बंजारे, सुनीता भोंसले सहित अन्य द्वारा मकान आदि बनाकर अतिक्रमण किए जाने के कारण उसे शासकीय भूमि से बेदखल करने मांग की जा रही थी, लेकिन निगम प्रशासन द्वारा बेज़ा कब्जा नहीं हटाने तथा विलंब किए जाने के कारण सुमन नाडे सन ऊनी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में एक याचिका दायर की थी। जिसमें उच्च न्यायालय ने शिकायतकर्ता सुमन नाडे सन ऊनी की शिकायत पर गौर करते हुए बोरसी की शासकीय भूमि खसरा नंबर 194/1 पर यदि अवैध अतिक्रमण पाया जाता है तो आवश्यक कदम उठाने आदेश दिया है। उक्त याचिका के पालन ने नगर पालिक निगम और राजस्व विभाग ने अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय से लगभग तीन दर्जन अतिक्रमणकर्ताओं को छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत कार्यवाही बाबत कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है जिसमें 9 जून को पेशी नियत है।




### शिकायतकर्ता को भी मिली नोटिस

मजेदार बात यह है कि शासकीय भूमि पर से कब्जा हटाने की मांग करने वाली शिकायतकर्ता सुमन नाडेसन ऊनी का भी सर्वे टीम ने शासकीय भूमि खसरा नंबर 194/1 में कब्जा पाए जाने के कारण अन्य अतिक्रमणकारियों के साथ साथ सुमन ऊनी खिलाफ भी अतिक्रमण का रिपोर्ट पेश किए है जिसके कारण शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी अन्य अतिक्रमणकर्ताओं के साथ-साथ अतिक्रमण प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ की गई है। अब देखना यह है कि नगर निगम और राजस्व प्रशासन द्वारा इतने सारे अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटवाने की कार्यवाही कब तक की जाएगी।

### आमटी से हटाकर बोरसी में किया था विस्थापन

अतिक्रमणकारियों ने बताया कि लगभग 40-50 साल पहले ग्राम आमटी से उन्हें हटवाकर बोरसी की जमीन में विस्थापित किया गया था। विस्थापन के बाद से ये लोग मकान बनाकर काबिज है। इसके अलावा और कोई मकान आशियाना नहीं है।

# 22 जून से स्वामी विवेकानंद भवन में होगी शह और मात की बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- चयनित खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिनिधित्व

जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा नगर निगम के सहयोग से आगामी 22 जून से स्वामी विवेकानंद भवन में दुर्ग जिला सीनियर वर्ग महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग शतरंज चयन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु महापौर अल्का बाघमार ने आयोजन के लिए स्वामी विवेकानंद भवन को निःशुल्क उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की है। सीनियर एवं महिला वर्ग तथा अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में चार चार खिलाडियों का चयन किया जाएगा। सभी चयनित खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीनियर महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मैडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा। स्पर्धा में सिर्फ दुर्ग जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। स्पर्धा अंतराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से खेली जाएगी। प्रवेश की अंतिम तिथि 20 जून तक निर्धारित है। इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े स्पर्धा के चीफ आर्बिटर, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन डिप्टी चीफ आर्बिटर, सहायक सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा रहेंगे । स्पर्धा के आयोजन में समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, जितेन्द्र सिंह राजपूत के अलावा संघ के पदाधिकारी दिनेश

# अतिक्रमण हटाने के बाद व्यवस्थापन के लिए निरीक्षण, गुमटी लगवाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद अब शहर को व्यवस्थित करने और बाजार को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए गुमटियां बनाने की तैयारी की जा रही है।

इसके लिए महापौर एमआईसी सदस्यों सहित शनिचरी बाज़ार, नींबू लाइन और गंजपारा क्षेत्र का दौरा कर अतिक्रमण हटाने के बाद व्यपारियों को व्यवस्थित करने के लिए गुमटियां बनाने की योजना बनाई जा रही है। अब निगम प्रशासन ने सड़कों को चौड़ा करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्थापन किया किया जाएगा। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बाजार को व्यवस्थित करने के लिए गुमटियां बनाने की योजना बनाई गई है। इन गुमटियों से न केवल बाजार को व्यवस्थित किया जा सकेगा बल्कि व्यापारियों को भी एक उचित स्थान मिलेगा। यह कदम कई तरह से फायदेमंद साबित होगा। सड़कों को चौड़ा करने और गुमटियाँ बनाने से शहर में व्यवस्था बढ़ेगी और यातायात सुचारू रूप से चलेगा।महापौर ने कहा 100 गुमटियां बनवाने की तैयारी के लिए अधिकारी को निर्देश कर दिया है। गुमटियां व्यापारियों को एक उचित स्थान प्रदान करेंगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को व्यवस्थित ढंग से कर



# पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान का विमोचन



दुर्ग। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस कार्यक्रम पूर्व सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी सुश्री सरोज पांडेय के मुख्य आतिथ्य, महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, सभापति श्याम शर्मा, निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्यों के विशेष आतिथ्य में प्रगति मैदान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर पर्यावरण प्रेमी ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही द्वारा वृक्षारोपण जन जागरूकता हेतु तैयार किए गए पोस्टर जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम मां के नाम एक पेड़ की तर्ज पर आधारित हैं। विमोचन पश्चात डॉ पाणीग्राही कहा पर्यावरण की बिगड़ती दशा, विश्व तापमान में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन पर व्यापक व्याख्यान देते हुए हर व्यक्ति को पौधा लगाने, संरक्षित कर हरियाली बढ़ाने हेतु आव्हान किया।

## अनुशासन और समर्पण की पहचान है कांग्रेस सेवादल

# दुर्ग में कांग्रेस सेवा दल को नई कार्यकारिणी का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- वरिष्ठ नेता अरुण वोरा से मिला मार्गदर्शन

कांग्रेस सेवा दल की अनुशासित, जागरूक और समर्पित परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज दुर्ग शहर कांग्रेस सेवा दल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के मार्गदर्शन में, दुर्ग शहर सेवा दल के जिला अध्यक्ष विकास सापेकर ने अपनी टीम की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा से भेंट करने पहुंचे और उनके आशीर्वाद व मार्गदर्शन से स्वयं को प्रेरित किया। वोरा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कांग्रेस सेवा दल राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका का आधार स्तंभ है और नई कार्यकारिणी के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का प्रयास सराहनीय है। यह कार्यकारिणी संगठन को और ऊर्जावान बनाएगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल एवं पूर्व महापौर आरएन वर्मा, महिला सेवा दल अध्यक्ष पिंकी झा की उपस्थित रहे।

घोषित पदाधिकारियों में कांग्रेस सेवा दल, दुर्ग शहर ब्लॉक अध्यक्ष मध्य ब्लॉक – नरेंद्र सोनकर, दक्षिण ब्लॉक – सुधीर चंदेल, उत्तर ब्लॉक लोकेश चक्रधारी, पश्चिम ब्लॉक दिलेद सारथी, उपाध्यक्ष संदीप साहू, राज पटले, जफर खान, अशोक चंद्राकर, महामंत्री सुरेश जघेल, केवल राजपूत, सचिन, विक्की ढीमर, तरुण सोनी, संकल्प से सेवा की ओर एक कदम आगे प्रेरणादायी अवसर पर सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि दुर्ग शहर के हर वार्ड में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा ने सराहना करते हुए कहा पौधारोपण का यह संकल्प कांग्रेस सेवा दल की पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामाजिक ज़िम्मेदारी का जीवंत प्रमाण है।





### संविधान बचाओ रैली का ऐलान

जिला अध्यक्ष गया पटेल ने घोषणा की कि कांग्रेस सेवा दल शीघ्र ही दुर्ग शहर में संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगा, जो संविधान की मूल आत्मा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक निर्णायक आवाज़ बनेगी। महिला सेवा दल अध्यक्ष पिंकी झा ने शीघ्र ही महिला कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता का अद्भुत संगम देखा गया जो यह संकेत देता है कि कांग्रेस सेवा दल आने वाले समय में जनसेवा की नई मिसालें कायम करेगा।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MA Hindi
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diplom in YOGA
Anda, Durg
☏ : 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

## खबर संक्षेप

### निकुम में कबड्डी प्रतियोगिता 11 को

**निकुम।** जय बजरंग दल समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में 11 जून बुधवार को बस स्टैंड निकुम गौठान के मैदान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता होगीए जिसमें प्रथम पुरस्कार 4001रुपएए द्वितीय 3001रुपएए तृतीय 2001 व चतुर्थ 1001रुपए वही आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगाए यह जानकारी समिति प्रमुख रिकेश साहू ने दिया।

### किसानों के जीवन में खुशियां लाने का काम कर रही सरकार

**दुर्ग।** देश के किसानों को एक बड़ी खुशखबरी देते हुए मोदी सरकार द्वारा धान की एमएसपी में 69रूपये की वृद्धि कर प्रति क्विंटल 2369 रुपए किया जाना अन्नदाताओं की समृद्धि के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक



कदम है। निश्चित ही छत्तीसगढ़ के किसानों को इससे दोहरा लाभ होगा। इस शानदार फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सहृदय आभार व्यक्त किया। उन्होने आगे कहा कि मैं भी एक किसान का बेटा हूं और मैं भी खेती किसानी जुड़ा हुआ हूं यह निर्णय किसानों, खेती किसानी से जुड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम करेगा। केन्द्र में मोदी सरकार बनते ही अपने विजन को पूरा करने में लग गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए बड़े फैसलों का एलान करते हुए यह बताया है कि सरकार ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी 69 रुपये बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया।

## निधन

### प्रभाकर डांक

**भिलाई।** एमआईजी 16, वैशाली



नगर निवासी प्रभाकर डांक उर्फ पप्पू सेठ उम्र 65 वर्ष का आकस्मिक निधन 8 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वंदना डांक के पति एवं जतिन डांक, सातिन डांक के पिता थे।

### संपत लाल साहू

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत



आगेसरा के पूर्व सरपंच संपत लाल साहू का आकस्मिक निधन 8 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सिरसिदा में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

# बच्चों ने गर्मी की छुट्टी में दिखाया रचनात्मक कौशल, विविध विषयों की शिक्षकों ने दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिरसिदा संकुल केंद्र परसदा विद्यालय में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने 10 दिनों तक अपनी सेवाएं दी। उमेश्वरी ध्रुव खेल शिक्षिका ने सूर्य नमस्कार, पवनमुक्तासन भाग 1 भाग 2 भाग 3 आसन प्राणायाम, हास्य योग, कर्म योग, श्वसन, खेल, कबड्डी, खो-खो, रिलेरेस, बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम एवं शतरंज का खेल खेला। जयश्री स्पोकन इंग्लिश शिक्षिका ने व्यंजन, स्वर, संज्ञा परिचय मानव शरीर का व्याकरण नाम डैश नाम हस्ताक्षर एवं अंग्रेजी में वर्णमाला का पाठ पढ़ाया। वर्तिका चक्रधारी कला एवं शिल्प शिक्षिका ने बच्चों को कागज से पेंसिल बनाना, पक्षी चित्रांकन, मंडला आर्ट क्राफ्ट आर्ट, पशु मुखौटे, ड्रेस आर्ट एवं पेंटिंग बनाना सिखाया। बाली देवदास नृत्य एवं संगीत शिक्षिका ने बच्चों को हिंदी छत्तीसगढ़ी गीत, छत्तीसगढ़ी लोकगीत, लोकनृत्य गायन एवं नृत्य के माध्यम से सिखाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुरूषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही, सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, दुर्गा प्रसाद प्रधान, धनेश्वरी साहू, दर्शेन्द्र साहू, गीतिका देशमुख, चंदू लाल ठाकुर, महेश साहू, राकेश साहू, संकुल समन्वय, शैलेन्द्र पांडे, आदित्य टंडन, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**बच्चों को संगीत, नृत्य, पेंटिंग सहित अनेक कलाकृतियों की दी जानकारी**





### विविध कलाकृतियां सिखाया

योग नेचुरोपैथ आदित्य टंडन ने नेचुरोपैथी के विभिन्न चिकित्सीय आहार, औषधियों और विभिन्न औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। कम्प्यूटर शिक्षक महेंद्र साहू ने कम्प्यूटर के बारे में बेसिक जानकारी दी और कम्प्यूटर के साथ उपयोग होने वाले अन्य उपकरणों के नाम बताए। उन्होंने कम्प्यूटर चलाना, कम्प्यूटर पर पेंटिंग करना, टाइप करना, कम्प्यूटर को विभिन्न उपकरणों से जोड़कर उपयोग करना आदि भी सिखाया। तबला वादक देव साहू ने तबले की धुन के साथ बच्चों को सिखाया और तबला बजाने का अभ्यास कराया, जिसमें कुछ बच्चे सफल भी हुए। पालेश्वर कुंभकार ने मूर्तिकला के बारे में जानकारी दी और बच्चों को चक से दीया मटकी, पशु पक्षी और अन्य प्रकार की मूर्तियां बनाकर पेंटिंग का अभ्यास कराया। कलाकार हरीश देशमुख ने मेंढक रोबोट ड्रोन और जंगली खिलौनों से रंगोली बनाना सिखाया। रागिनी साहू ने बच्चों को फूलों और एलोवेरा के पत्तों से साबुन, शैंपू, फिनाइल और लोशन आदि बनाना सिखाया।

### गुड टच बैड टच की दी जानकारी

गीतिका देशमुख ने बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी जिसमें प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित होकर इसका लाभ उठाया। वहीं समापन सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें मां सरस्वती का वंदना गीत दसेंद्र साहू एवं हीरालाल साहू के द्वारा गाया गया। बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे अतिथियों ने सराहा एवं विद्यार्थियों ने आदिवासी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों एवं शिक्षकों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बुजुर्गों की समुचित स्वास्थ्य देखभाल और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▸▸। सेलूद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के आदेशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ब्लॉक पाटन के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हमारे बुजुर्ग हमारे धरोहर विषय पर आधारित दाई-बबा दिवस मनाया गया।

■ आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दाई-बबा दिवस मनाया

इसी तारतम्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर ग्राम सरपंच युवगेन्द्र साहू एवं दाई बबा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिनका आरएचओ बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु ने गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही सभी का बीपी, शुगर, नेत्र जांच, ओरल कैंसर का स्क्रीनिंग का कार्य किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर फेकारी के आरएचओ बसंत साहू ने दाई बबा दिवस मनाए जाने के उद्देश्य के बारे में बताया कि बुजुर्गों की समुचित स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से समय-समय पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि बुजुर्ग लोग स्वयं अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर विभिन्न बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही वर्तमान समय की वयस्त दिनचर्या में वे अकेलापन महसूस न करे और मानसिक अवसाद से बच सके इसके लिए प्रेरित करते हुए हमेशा प्रसन्नचित रहने का सलाह दिया गया। इस अवसर पर ग्राम फेकारी के सरपंच युवगेन्द्र साहू ने भी बुजुर्गों को चिंता तनाव से मुक्त दिनचर्या अपनाने की सलाह दिया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बसंत साहू, मधु साहू, सीएचओ लाभेश्वरी यदु, मितानिन हेमपुष्पा साहू, दुलारी साहू, पंचबाई यादव, रहिमत, जगदीश साहू, कृष्णा साहू, केजा बाई, गौतम साहू, केवल, भाना, वेदप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

## कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के साथ हुआ समावेशी संवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸। पाटन

वीकेएसए 2025 पहल के अंतर्गत आईसीएआर-एनआईबीएसएम डॉ. अर्कप्रव रॉय, केवीके पाहंदा डॉ. ललिता रामटेके और महात्मा गांधी बागवानी विश्वविद्यालय डॉ. सेवन डी. खुंटे के वैज्ञानिकों ने अमेरी ग्राम पंचायत के किसानों के साथ एक समावेशी और रचनात्मक संवाद किया। पारंपरिक पदानुक्रम को तोड़ते हुए अधिकारी और किसान एक ही स्तर पर बैठकर मृदा परीक्षण की प्रक्रियाओं, बागवानी में हालिया नवाचारों, सरकारी योजनाओं और कृषि उच्च शिक्षा के अवसरों पर विचार-विमर्श करते नजर आए। यह सत्र ज्ञान के दो-तरफा आदान-प्रदान पर केंद्रित रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रणव शर्मा अध्यक्ष शिक्षा क्षेत्र, सभापति जनपद पंचायत पाटन की उपस्थिति से और बढ़ गई। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सहभागिता निभाई और किसानों की बातों को गंभीरता से सुना, जिससे सहभागी विकास की भावना को बल मिला। इस कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन के अधिकारियों ने शासन की योजनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के शाम के पड़ाव में रथ पहंडोर ग्राम में पहुंचा यहां भी कृषकों ने रथ के साथ कृषि चर्चा में उन्नत कृषि तकनीक की बारीकियों को टीम के साथ संवाद कर जाना है।

■ विकसित कृषि संकल्प अभियान में शासन की योजनाओं की दी जानकारी

## पौनी पसारी योजना से बाजार का निर्माण गुणवत्ताविहीन, लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पाटन

दुर्ग जिला के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में पौनी पसारी योजना के तहत बाजार चौक अमलेश्वर के बाजार में सौंदर्यीकरण कर चबूतरा का निर्माण किया गया है और ऊपर में सीट लगाया गया है। साथ ही नीचे में चेकर टाइल्स लगाया गया है, वहीं बाजार परिसर में बड़ी-बड़ी नालियां बनाई गई है। इस नाली के ऊपर लोहे की जाली लगाया गया है जो बहुत ही घटिया किस्म की है जिसमें लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और कई लोग फंस रहे है जिससे उनके शरीर पर गंभीर चोटिल भी आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पालिका प्रशासन द्वारा बनाई गई बाजार में चबूतरा निर्माण के साथ-साथ नाली का निर्माण किया गया है जिसमें लोहे की जाली लगाई गई है। जाली क्षतिग्रस्त हो गई है जाली कई जगह से टूट गया है। जाली में किया हुआ वेल्डिंग भी टूटने लगा है। जिससे आम नागरिक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

नाली में दो महिलाओं के साथ दुर्घटना होने की बात राजस्व विभाग के पार्षद के द्वारा जानकारी शेयर किया गया था। जिसे संज्ञान में लेकर के जनप्रतिनिधियों ने उक्त स्थल का निरीक्षण भी किया गया था जिसमें पालिका प्रशासन को निर्देशित कर जाली को हटाने की बात कही गई थी। लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्य बाजार स्थल में नहीं किया गया है। जिससे पालिका प्रशासन की लापरवाही साफ झलक रहा है। वार्ड क्रमांक 2 के एक व्यक्ति अपने निवासी से रोजी रोटी के लिए अपने काम पर निकले थे और बाजार में लगे नाली के ऊपर जाली में फंस गया जिससे आस पास के लोगों ने बाहर निकाला, जिससे उसके घुटने और पैर के अन्य हिस्से में गंभीर खरोच आई है। जिससे उसकी पैर में सूजन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार काशीराम ठाकुर दुर्घटना का शिकार हुआ है जो वार्ड क्रमांक 2 का निवासी है और घर पर अपने परिवार के भरण पोषण करने वाला अकेला व्यक्ति है।



### गुणवत्ता रहित कार्य के लिए दिए निर्देश

पालिका प्रशासन द्वारा किया गया गुणवत्ताविहीन कार्य से लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। हालांकि नगर पालिका अम्लेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुणवत्ता रहित कार्य के लिए अपने कर्मचारियों को साफ निर्देशित किया है फिर भी उनके बगैर संज्ञान में दिए शायद अधिकारी कर्मचारी गुणवत्ता विहीन कार्य कर रहे हैं जिसका परिणाम आम जनता भुगत रही है। उक्त विषय पर पालिका के इंजीनियर का कहना है बहुत मजबूती ढंग से बाजार का निर्माण कराया गया है। 10-10 लोग उस जाली पर खड़ा होने पर भी जाली कुछ भी नहीं होगा व्यापारी सब्जी वाली गाड़ी को अंदर ले जाता है जिसके कारण से जाली क्षतिग्रस्त हुआ है। गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया गया है। पौनी पसारी योजना के तहत बने बजार स्टिमेंट के हिसाब से बना है। बता दें बाजार में व्यापारी सब्जी भाजी लेकर ऑटो रिक्शा या ई रिक्शा लेकर बाजार में प्रवेश करती है जिससे नाली में ढके लोहे का जाली क्षतिग्रस्त नहीं हो पाएगा कहीं ना कहीं इसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है जिसको ढकने की कोशिश पालिका प्रशासन के द्वारा की जा रही है।

अब इस दुर्घटना से उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा जिसका जिम्मेदार कौन होगा।

## विद्यार्थियों में सीखने की ललक से भाषा कौशल व आत्मविश्वास होता है मजबूत

**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना विकास खंड-पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ के कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक गतिविधि से सार्थक बनाया। बच्चों ने खाली समय में गीत, कविता लेखन ,कहानी, और कल्पना के रंगों से शानदार चित्रकला बनाए, इसके साथ पाठ्य पुस्तकों के पठन कर ज्ञानार्जन भी किया। विद्यालय के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गर्मी छुट्टी के समय को सृजनात्मक ढंग से बिताने के लिए घर घर जाकर प्रेरित किया गया। प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे प्रयास बच्चों में कल्पना शक्ति,भाषा कौशल तथा आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि हमारे बच्चे सीखने के साथ-साथ सृजन में भी रुचि ले रहे हैं। कुछ बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर पेंसिल दिया गया है।विद्यालय खुलने के बाद सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। अभिभावको ने भी बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय देख अत्यंत हर्ष जताया है और विद्यालय की इस पहल की सराहना की। विद्यालय परिवार का यह प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा उनमें रचनात्मकता के प्रति रुचि को और अधिक प्रोत्साहित कर रहा है। इस पुनित कार्य के लिए शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्यगण, ग्राम पंचायत चंगोरी की सरपंच रजनी राम कुमार कुर्रे, उपसरपंच माधुरी मंडावी, पंचगण, पूर्व सरपंच यामिनी शेखर वर्मा, पालकगण, प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार आदि में हर्ष है।



## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।




## राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान समारोह आयोजित

**सेलूद।** नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससीईआरटी में आयोजित हुआ। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि जेपी रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ. बी. रघु सहायक संचालक एससीईआरट., बीएल देवांगन डाईट प्राचार्य, डॉ. एसके जैन डाईट रायपुर, केके साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति थे। इस भव्य कार्यक्रम में दुर्ग जिला से प्रिती जैन दुर्ग , दुलारी ध्रुव धमधा ,ओमप्रकाश पाण्डेय पाटन, वर्षा यादव को आर्ट-क्राफ्ट, रेखा भदरिया को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरूस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित दुर्ग जिला टीम से प्रज्ञा सिंह आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।



## यज्ञ के लिए तन, मन और धन की आवश्यकता पड़ती है: पं. चंपेश कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। ननकट्ठी

ग्राम नंदकठी के हनुमान मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासियों एवं गोपी ग्रुप के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 3 जून से 10 जून तक आयोजित है। इस आयोजन के भागवताचार्य पंडित चंपेश कृष्ण महाराज एवं परायणकर्ता पंडित जय प्रकाश एवं सोनू शर्मा है। चल रहे भागवत के पंचम दिवस कथा वाचक पंडित चंपेश कृष्ण महाराज ननकट्ठी वाले ने वामन चरित्र की कथा कहते हुए कहा कि यज्ञ के लिए तन, मन, धन, की आवश्यकता पड़ती है, पृथ्वी नापकर धन, आकाश नापकर मन और तन की आवश्यकता थीं इसलिए अपना सिर झुका दिए। अहंकार शून्य होकर दान करना चाहिए। आगे पंडित ने कहा कि भगवान शिव संसार कल्याण के लिए जहर पी गए। जब बात राष्ट्र रक्षा की हो तो सभी पंथ, दल, जाति, पार्टी को एक हो जाना चाहिए क्योंकि राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है, राष्ट्र है तो हम है। गौरतलब है कि महाराज द्वारा यहां सुनाई जा रही भागवत कथा 141 वां कथा है। इस अवसर पर महिला गोपी ग्रुप सहित आसपास ग्राम से पधारे बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

■ ननकट्ठी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



## शोक संदेश



**दिलेश देशमुख**

विधि विधान के आगे नतमस्तक होकर सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र **दिलेश देशमुख (मिंटू)** (आ. स्व. घनश्याम सिंह देशमुख) का **आकस्मिक** निधन दिनांक 31 मई 2025, दिन-शनिवार को हो गया है। मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**कार्यक्रम**

तिजनहावन : दिनांक 02 जून 2025, दिन-सोमवार
दशगात्र : दिनांक 09 जून 2025, दिन सोमवार
( तालाब कार्यक्रम : शीतला तालाब- पोटिया, दुर्ग में दोप. 12 बजे तक)
शांति भोज : दोपहर 12.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
स्थान : चन्द्राकर भवन, मीनाक्षी नगर, दुर्ग (छ.ग.)

शोकाकुल परिवार
हिरेन्द्र, प्रदीप, काशीराम, पुनाराम, रणवीर, नारायण. हेमंत, शैलेन्द्र देशमुख एवं समस्त शैतेल परिवार

शोक संतप्त
श्रीमती रेखा देवी देशमुख (माँ)
मो. 87190-88876, 62640-64454, 62684-17105

## खबर संक्षेप



### बीएसपी व एसएसबी ने लगाए चार सौ पौधे

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के तत्वावधान में सेक्टर 8 सड़क 42, निरंकारी भवन के निकट पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। 400 मिश्रित प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। मुख्य अतिथि के उत्पल दत्ता थे। विशेष अतिथि के रूप में कमांडेंट (एसएसबी) कीर्तिवर्धन, द्वितीय कमान अधिकारी शंकर प्रसाद बर्नवाल थे उद्यानिकी अनुभाग प्रमुख डॉ. एनके जैन सहित विभाग के राजेश शर्मा, एस. एल अग्रवाल, गफ्फार खान, व्ही. संदीप नायडू, एनके सिन्हा, ललित सीएम चंद्राकर, तथा किरण ठाकुर आदि उपस्थि थे। पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर 8 परिसर में भी पौधारोपण किया गया।

### सफाई व्यवस्था चरमराई

**भिलाई।** बारिश के मौसम के दस्तक देने के बाद भी टाउनशिप में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने का खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कई सेक्टरों के अंदरुनी इलाकों, सड़कों के किनारे, बाजारों और बेकलेन में जमा कचरे के कारण गंदगी और दुर्गंध का माहौल है। सेक्टर 1, 4, 6,7, 8 और सेक्टर 4 आदि सेक्टरों के क्रास स्ट्रीट सड़कों के किनारे आवारा मवेशी डस्टवीनो से भरे कचरे को फैला रहे हैं। कुछ लोग गंदी व बदबू से निजात पाने कचरे में आग भी लगा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सफआ कर्मी नियमित कचरा नही उठा रहे हैं। डस्टवीन के बाहर का ही कचरा रिक्शे मे ले जाते हैं। बारिश होने पर यह कचरा बदूब दे रहा है और राहगीर नाक व मुंह मे रुमाल रखकर गुजर रहे हैं।

### कोहका रोड पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई ।** कोहका कुरुद रोड पर भारी ट्रैफिक के कारण जाम के हालात और दुर्घटनाजन्य स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ड्यूटी और कालेज टाइम में सुबह शाम अवंति बाई चौक से पुरी आईटीआई के आगे तक भारी ट्रैफिक होता है। इस रोड के चौड़ीकरण के बाद दोपहिया व कार चालक फुल स्पीड में गाड़ियां दौड़ाते हैं। इससे भी लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो भी रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई जगह चौड़करण अव्यवस्थित होने से भी परेशानी हो रही है। मार्केट के पास पार्किंग की जगह नहीं होने से लोग गाड़ियां सड़क से सटाकर बेतरतीब खड़ी कर रहे हैं। ट्रैफिक जवान भी यहां तैनात नहीं होते हैं। इस प्रमुख व्यस्ततम रोड से कातुलबोर्ड, जुनवानी, कुरूद और जामुल आदि स्थानों के लिए दिनभर आवाजाही बनी रहती है। इस रोड के किनारे कॉलेज, स्कूल और आईटीआई आदि शैक्षणिक संस्थान और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि होने से सघन ट्रैफिक होता है। ज्यादातर समस्या सुबह 7 से 11 बजे और शाम को 5 से 8-9 बजे तक ट्रैफिक के चलते होती है।

# हुडको मांगलिक भवन का निर्माण जल्द पूरा होगा: विधायक देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को लोगों से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं और समाधान की उम्मीद जताई। विशेष रूप से बीईसी कंपनी के पूर्व कर्मचारियों ने विधायक यादव का सम्मान किया। वर्षों से ग्रेच्युटी जैसी लंबित राशि को लेकर संघर्ष कर रहे इन मजदूरों को हाल ही में सफलता मिली है। यूनियन की एकजुटता और सतत प्रयासों से उन्हें उनकी मेहनत का हक मिला। इस अवसर पर उन्होंने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके समर्थन की सराहना की। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आज का दिन बड़े हर्ष का दिन है। यूनियन अध्यक्ष आदित्य सिंह के नेतृत्व में यह कार्य पूरा हुआ।

## बीईसी से वेतन दिलाने पर किया सम्मान



### मुआवजा की समस्या बताई लोगों ने

खुर्सीपार क्षेत्र से आए कुछ नागरिकों ने विधायक को बताया कि उनके मकान सिवरेज निर्माण कार्य के चलते टूटने की स्थिति में हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे। यादव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि कल सोमवार को वे कलेक्टर कार्यालय जाकर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और आवश्यक कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे।

### हुडको में सिवरेज समस्या

लोगों से मुलाकात करने के बाद भिलाई नगर विधायक हुडको क्षेत्र का दौरा करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवरेज की बड़ी समस्या है।वर्षों से हुए इस समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश के दिनों में सड़क और नाली का पानी लोगों के घरों में और गलियों में भर जाता है इसलिए लोगों को बड़ी परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि वे चल रही शिवराज समस्या का निराकरण कराएंगे। इसके बाद विधायक मांगलिक भवन पहुंचे. करीब एक करोड रुपए की लागत से हुडको में मांगलिक भवन मनाया जा रहा है। जिसका नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। यह सार्वजनिक मांगलिक भवन से इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा होगी। शादी ब्याह सगाई जन्मदिन जैसे कई आयोजन यहां किया जा सकेंगे। विधायक ने कहा कि इसका जल्द ही निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा और इसका लोकार्पण किया जाएगा ताकि लोगों को इसका लाभ जल्दी मिल सके।

## पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय ने 3 दशक से अधिक की यात्रा में दिलाई कई सौगातें

# फौलादी विजन से बदली भिलाई की तस्वीर एजुकेशन हब के रूप में भी हुआ विकसित

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र में फौलाद ही नहीं ढलता बल्कि इसे शहर को कई बड़े सियासतदान देने का भी गौरव हासिल हैं। इनमें कुछ तो ऐसे विरले राजनीतिज्ञ शुमार हैं,जिन्होंने अपनी सियासी चमक से न सिर्फ अपने शहर वरन पूरे प्रदेश को चकाचौंध किया। चार दशक तक अपने विकासोन्मुखी विजन और अल्हदा सियासी शैली से प्रदेश के सियासी फलक में धूमकेतु की तरह छाए रहने वाले कद्दावर भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय की पहचान लीक से हटकर चलने वाले सियासतमंदों में रही है। अपने कई अनूठे जनोन्मुखी कार्यों,जन प्रतिनिधियों सहित राज्य सरकार में बड़े पदों में रहने के साथ मिनी इंडिया में इंडिया की सोच के बतौर एक बड़ा फालोअर दुर्ग संभाग ही नहीं, पूरे प्रदेश में विरले नेता हैं। यही वजह है कि आज किसी पोर्टफोलियो में नहीं होने के बाद भी संगठन और सत्ता को उनके दीर्घ अनुभवों का लाभ मिल रहा है।

80 के दशक में छात्र राजनीति से अविभाजित मध्यप्रदेश में भिलाई से राजनीतिक सफर शुरु करने वाले भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय उन चंद नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने आधी सदी से सत्तासीन कांग्रेस के दौर में भिलाई दुर्ग के साथ प्रदेश भाजपा संगठन और सत्ता की जड़ों को मजबूत किया। 90 में मप्र के पटवा मंत्रीमंडल में शिक्षा व कृषि राज्य मंत्री से लेकर छग के रमन सरकार में 04-5 विधानसभा अध्यक्ष और फिर उच्च शिक्षा मंत्री तक की यात्रा में राज्य के विकास में योगदान के साथ भिलाई की तस्वीर को बदलने बदलने में भी महती योगदान किया। खासकर भिलाई को एजूकेशन हब बनाने और पटरीपार के विकास में उनके कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भिलाईयंस भी मील का पत्थर मानते हैं। भिलाई में आईआईटी, एक्सीलेंस आटीआई, विवेकानंद टेक्नीकल यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ दुर्ग जिला सहित प्रदेश में सैकड़ों कालेज व स्कूल भाजपा शासन में श्री पांडेय के मंत्रित्व कार्यकाल में ही खुले। यह श्री पांडेय के बूते की बात थी कि पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी के प्रयास से केंद्र में कांग्रेस काल में पीएम मनमोहन सिंह के करकमलों से टेक्नीकल विवि की बुनियाद रखवाने का गौरव दिलाया। वर्षों से मृतप्राय पड़ी वृहद जल परियोजना को जल आवर्धन योजना के रुप में शिवनाथ के पानी से पुनर्जीवित कर वर्षों से भीषण पेयजल किल्लत से जूझ रहे पटरीपार के आधे शहर को मटका फोड़ प्रदर्शन की जल समस्या से निजात दिलाकर पानी वाले बाबा के रुप में चर्चित हुए। इस इलाके में चौड़ी, कैनाल रोड, कैंप रोड जैसी सड़कें, एलईडी लाइटें, सुंदर उद्यान, कालेज, पानी टंकियां, खुर्सीपार व सौ बिस्तर सुपेला अस्पताल आदि विकास से पटारीपार को स्लम के अभिशाप से मुक्ति दिलाई। वहीं बीएसपी कर्मियों को प्रोफेशनल टैक्स से निजात दिलाई व बीएसपी टाउनशिप में भी सौ से अधिक उद्यान, हाईकोर्ट से बिजली बिल हाफ कराने, हुडको में तारामंडल योजना और भिलाई निगम के जरिए बीएसपी को कई नए कार्यों के लिए प्रेरित किया।

## आईआईटी, स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल विवि के साथ जल आवर्धन योजना को किया फलीभूत





### संगठन और सत्ता को मजबूत करने में निभा रहे अहम किरदार

दुर्ग संभाग के साथ प्रदेश की राजनीति में प्रेमप्रकाश पांडेय इकलौते नेता हैं, जिनके खाते में कुछ अनूठी उपलब्धियां दर्ज हैं। वे 1985 में प्रसिद्ध श्रमिक नेता व विधायक रवि आर्य जैसे दिग्गज कांग्रेस नेता को पराजित कर 1990 में विधायक व सुंदरलाल पटवा मंत्री मंडल में राज्य मंत्री बने। फिर उन्हें 04-5 में छग के स्पीकर बनने व रमन मंत्रीमंडल में विधानसभा में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को आमंत्रित करने तथा मप्र व छग के विधायकों व मंत्रियों को भिलाई संयंत्र में फौलाद ढलते दिखाने का भी गौरव हासिल है। श्री पांडेय करीबन 3 दशक की चुनावी यात्रा में भिलाई विस से 4 बार जीते 4 बार पराजित हुए। वे पूर्व सीएम भूपेश बघेल से 3 साल पहले रवि आर्य को हराकर पहली बार 1990 में विधायक बने । फिर 93,2003 व 013 में कांग्रेस प्रत्याशी बदरुद्दीन कुरैशी से जीते। लेकिन कुरैशी से 98, 08 व कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से 018 व 2024 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। कई उतार चढ़ाव से गुजरते हुए भिलाई सहित प्रदेश के विकास में अहम किरदार निभाने वाले दिग्गज भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय वर्तमान में किसी बड़े पद पर नहीं होते हुए भी संगठन व सत्ता को उनके गहन तजुर्बे का लाभ मिल रहा है।

# स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली अपनाएं: पवन कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल के मुख्य द्वारा के सामने सेक्टर-9 चौक में सूर्यनमस्कार की कलात्मक मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कलाकृति भारत की प्राचीन योग परंपरा को समर्पित है और सूर्यनमस्कार के बारह योगिक आसनों को कलात्मक शैली में दर्शाया गया है। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा, सीजीएम संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, उत्पल दत्ता, सेफी व ओए अध्यक्ष एन के बंछोर तथा महासचिव परविन्दर सिंह उपस्थित थे। प्रतिमा की डिजाइनिंग टाउन आर्किटेक्ट प्लानिंग सेक्शन, नगर सेवाएं विभाग के उमाशंकर राव द्वारा की गई थी। बीएसपी के स्टील प्लेटों का उपयोग करके इन-हाउस संसाधनों से निर्मित की गई है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एसएम शाहिद अहमद, विष्णु के पाठक, जीएम डॉ. एनके जैन, जीएम प्रशांत तिवारी, डीजीएम राजीव कुमार, डीसी सिंह, राघवेंद्र गर्ग, बीएल मीणा, एजीएम सरोज झा औ एनके मिश्रा उपस्थि थे ।

■ जेएलएन अस्पताल के सामने सूर्यनमस्कार कलाकृति का अनावरण

### सम्मान...



**भिलाई।** उड़ान नई दिशा संस्था द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय ने ननि भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# आरईडी कर्मियों को मिला शिरोमणी पुरस्कार, टीम वर्क को सराहा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में को कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास थे। प्रेम दास साहू और प्रदीप कुमार को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्मिकों की प्रशंसा की। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले कार्मिकों के टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा कि कर्मियों के समर्पण से बीएसपी को लाभ होगा। साथ ही कर्मियों का भी मनोबल सदैव उंचा रहेगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राजेश गर्ग, आरगोपाल कृष्णन, डीजीएम सतीश कुमार अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, एजीएम इंद्रदीप चटर्जी, अमित रॉय व अनिल पाढ़ी, वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर एवं प्रबंधक फिलोमिना एक्का व पुष्पेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय एवं अनुभाग अधिकारी लेखा देवराजन द्वारा किया गया।

■ मुख्य अतिथि ने की टीम वर्क की सराहना

# कैपिटल रिपेयर के बाद कोक पुशर-7 का उद्घाटन, टीम वर्क से हुआ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में कोक पुशर-7 के सफल कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः प्रचालन प्रक्रिया में शामिल किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कोक पुशर-7 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय जय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कहा कि ने कहा कि इस तरह की आत्मनिर्भर रखरखाव रणनीतियाँ उत्पादन निरंतरता बनाए रखने के साथ संयंत्र की दीर्घकालिक दक्षता और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने ऐसे प्रयासों को संयंत्र की सतत प्रगति और कार्य संस्कृति का उदाहरण बताया। कोक पुशर-7 के कैपिटल रिपेयर का कार्य दिसंबर 2023 में प्रारंभ हुआ था। इसे मई 2025 में पूरी तरह संयंत्र के आंतरिक संसाधनों एवं विभागीय विशेषज्ञता से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह मरम्मत कार्य महाप्रबंधक प्रभारी एस. रॉयचौधरी सहित महाप्रबंधक प्रभारी डीके सामंतरे, जीएम के नंद कुमार, महाप्रबंधक शशिकांत, उप महाप्रबंधक एसआर मोहापात्रा तथा सहायक महाप्रबंधक वीरेंद्र सिंह का योगदान रहा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा के 13 मंडलों में विशाल तिरंगा यात्रा

# शौर्य के सम्मान में निकाली घर-घर तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला के तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेना के अद्भुत साहस व शौर्य के सम्मान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा भाजपा के सभी मंडलों में वार्ड व ग्राम स्तर तक निकाली गई। इसी कड़ी में कैंप मंडल, वैशाली नगर मंडल, सुपेला मंडल, कोहका मंडल, एवं सभी 13 मंडलो में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री द्वय प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, जिला मंत्री व तिरंगा यात्रा संयोजक विजय जायसवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष व तिरंग यात्रा सह संयोजक अमित मिश्रा सभी मंडलों में उपस्थित रहकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने भारतीय सेना के शौर्य और साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की जान ली गई, मां बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया। इसके खिलाफ एक साहसिक कदम उठाने की जरूरत थी, जो कि भारतीय सेना ने कर दिखाया। भारतीय सेना द्वारा लागू की गई ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों को भारत में हमला करने से पहले दस बार सोचना पड़ेगा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष व तिरंगा यात्रा सह संयोजक ने कहा कि तिरंगा हमारे शौर्य का प्रतीक है और सेना हमारा गौरव है इनके सम्मान के लिए हम सभी आम जनमानस के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा घर घर जाएंगे।

सेना के उत्साहवर्धन और तिरंगे के प्रति सम्मान को दर्शाता है, हमे गर्व है हमारी सेना पर और गौरव हैं तिरंगे पर, जनमानस के मन में राष्ट्र भक्ति का भाव जगाने यह कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया, वीरेंद्र साहू, शिरीष अग्रवाल, महेश वर्मा, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विजय जायसवाल, अमित मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, प्रवीण पांडे, त्रिलोचन सिंह, तुलसी साहू, सुंदरलाल साहू, तरुण सिंह, दीपक भोंडेकर, गोपाल साहू, शशि भगत, रोहित साहू, गोल्डी सोनी, धर्मेंद्र सिंह, गौरीशंकर, वरुण यादव, प्रशांत गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 9 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04



अफ्रीका की बहार


लाइव इवेंट

## दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव में डॉ दीनदयाल ने किया छत्तीसगढ़ी में कविता पाठ



**भिलाई।** हिन्दी साहित्य अकादमी नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव का आयोजन नवीन विश्राम गृह सिविल लाइन रायपुर में आयोजित किया गया। विभिन्न सत्रों में आयोजित प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में छत्तीसगढ़ी में कविता पाठ के लिए भिलाई निवासी डॉ दीनदयाल साहू को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उन्होंने माटी और पंछी शीर्षक पर कविता का वाचन किया।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए प्रतिभागी आंचलिक भाषा और बोली पर अपनी-अपनी प्रस्तुति दिये थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा और हिन्दी साहित्य अकादमी के सचिव एन सुरेश बाबू के साथ ही अनेक साहित्य जगत से जुड़े प्रतिभाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

सिटी इवेंट

## सुमधुर संगीत सर्जक खुमान साव की सुरता की प्रस्तुति आज शाम रामनगर में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी गीत संगीत की लोकप्रियता व घर घर तक पहुंचाने वाले संगीत सर्जक स्व खुमान साव की स्मृति में गीत संगीत की प्रस्तुति का आयोजन आज शाम रामनगर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अपनी गायिकी से विशिष्ट पहचान बना चुकी कविता वासनिक, छाया चंद्राकर सहित कुलेश्वर ताम्रकार को खुमान साव स्मृति सम्मान प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक शंकर साहू, सुरेन्द्र साहू, दूजराम साहू, सुरेन्द्र ठाकुर व पालक पटेल ने बताया कि यह आयोजन सोमवार को रामनगर सुपेला स्थित स्कूल प्रांगण में शाम 7.30 बजे से किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक रिंकेश सेन होंगे, अध्यक्षता पद्मश्री डॉ आरएस बारले करेंगे। विशिष्ट अतिथि रजनी रजक, नंद कुमार कश्यप, विभाष उपाध्याय महंत लीलाधरदास सहित अन्य होंगे। श्री साहू ने बताया कि स्व लता खापर्डे सम्मान लोकगायिका पुष्पा साहू रामनगर, स्व सफीनदास मानिकपुरी स्मृति राजेश यादव अहिवारा, कलारत्न सम्मान रमेश ठाकुर, प्रियतम साहू, वादक तुकाराम ठाकुर, हिमानी वासनिक व तुषांत बारले को प्रदान किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## सामाजिक परंपरा को सहेजने बच्चों को सिखा रहे सिंधी बोलना, सिलाई-कढ़ाई भी



**भिलाई।** श्रीराम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वारा समाज के बच्चों के लिए 15 जून तक समर कैंप का आयोजन सिंधु भवन सुंदर नगर भिलाई में अयोजित किया गया है। जहां बच्चों को सिंधी समाज की सामाजिक परंपरा को सहेजने सिंधी बोलना विशेष रुप से सिखाया जा रहा है। रोज शाम 4 से 5 बजे तक चलने वाले समर कैंप में बच्चें काफी उत्साहित दिख रहे है। श्री राम सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी मनोहर कृष्णानी ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप के पहले दिन से ही सिंधी समाज के बच्चों में विलुप्त होने की कगार पर खड़ी सिंधी बोलने का अभ्यास समाज की वरिष्ठ महिलाओं दवरा विशेष सिंधी बोली की कक्षाएं लगाई जा रही है। इसके अलावा महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई केक बेकिंग, सेल्फ मेकअप और आर्टिस्ट बनने सहित अन्य विधाओं की ट्रेनिंग भी समर कैंप में दी जा रही है। जिसमें सिंधु भवन सुंदर नगर भिलाई के आसपास रहने वाले सिंधी समाज के लोगो सहित अन्य क्षेत्र के सदस्य भी 15 जून तक चलने वाले इस कैंप में शामिल हो सकते है। समर कैंप का आयोजन श्री राम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी व नई कार्यकारिणी समिति के साथ किया जा रहा है। समर कैम्प के पहले दिन अध्यक्ष दिलीप पवानी, कार्यकारिणी समिति से गोपी पर्यानि, गोपी राजपालनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थत थे।



कुहुकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर में 10 दिवसीय राज्य स्तरीय लोक वाद्य कार्यशाला जारी, कल होगा समापन

# परंपरागत और दुर्लभ लोक वाद्यों को आदिवासी अंचल के कलाकार दे रहे आकार, सागौन लकड़ी से बनाया ढुसीर वाद्य और नारियल के खोल से सारंगी

भिलाई। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से 10 दिवसीय राज्य स्तरीय लोक वाद्य कार्यशाला शिविर संग्रहालय परिसर कुहुकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर मैत्री बाग चौक के बाजू में जारी है। विगत 20 वर्ष से हर वर्ष होने वाले इस शिविर में छत्तीसगढ़ अंचल के दूर-दराज से आए कलाकार न सिर्फ अपनी कलाकृतियों और वाद्य यंत्रों का निर्माण करते रहे है बल्कि एक दूसरे की कला को सीखते रहे हैं। वहीं आगंतुक भी अपनी आंखों के सामने बनते वाद्य यंत्र व कलाकृतियां देख मंत्रमुग्ध है। शिविर के माध्यम से शिल्पकारों को बाजार मिलने से सभी संतुष्ट हैं।

## तैयार हो रहे हैं परंपरागत व दुर्लभ वाद्य

राज्य स्तरीय शिविर में दूर-दराज के अंचल के अलग-अलग गांव से पहुंचे शिल्पकार परंपरागत वाद्ययंत्र तैयार कर रहे हैं। ग्राम बम्हनी जिला कोण्डागांव के फूलसिंह यहां सुढ़ीर और ढुसीर वाद्य बना रहे हैं। चमड़ा मढ़ा हुआ यह बाजा सागौन लकड़ी का बनाया है। आदिवासी अंचल में इसे परंपरागत ढंग से इस्तेमाल किया जाता है। जिसमें एक ही लकड़ी को लेकर बिना किसी जोड़ के छील कर आकार देते हुए ढुसीर और सुढ़ीर वाद्य बनाते हैं। ग्राम गाड़ाडीह बड़गांव जिला बालोद के नंद कुमार देवार यहां देवार समुदाय की सारंगी बना रहे है, जिसमें नारियल के खोल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इसे बजाने के लिए बबूल और इमली आदि की जड़ से विशेष लकड़ी तैयार करते हैं। इसी तरह लौह कला में ग्राम बनिया पारा जिला कोण्डागांव से रामदास, बेलमेटल में ग्राम दहीकोंगा कोंडागांव से शीबू कश्यप, मिट्टी कला में ग्राम कुम्हार पारा जिला कोण्डागांव रामदास डमरू, काष्ठ कला में डौंडी लोहारा ग्राम फूलझर जिला बालोद से दीपक तारम व ग्राम बनबोड जिला खैरागढ़ से पन्ना लाल, तंबूरा में रनचिरई (बालोद) से रामकुमार पाटिल, खंजेरी में ग्राम पचपेड़ी जिला राजनांदगांव से बिजेलाल और ढुसीर वाद्य में तमोरा जिला बालोद से डोरेलाल यहां अपना हुनर दिखा रहे हैं।





## दो दशक से हर साल लग रहा शिविर





आयोजक लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने बताया कि विगत 2003 से यह 10 दिवसीय शिविर हर वर्ष मानसून आगमन के पहले गर्मियों में लगता रहा है। शुरूआती 4 वर्ष उन्होंने स्वयं की पहल से कलाकारों और शिल्पकारों को बुलाकर ऐसा शिविर आयोजन किया था लेकिन बाद में छत्तीसगढ़ शासन ने पहल की और तब से शिविर हर साल आयोजित हो रहा है। रिखी ने बताया कि शिविर की वजह से शिल्पकारों को बाजार मिल रहा है, वहीं सभी को एक दूसरे की कला सीखने का अवसर भी मिल रहा है। इससे शिल्पकार अपनी-अपनी कला में निखार ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2 जून से शुरू हुई कार्यशाला में रोज सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से साढ़े 7 बजे तक कार्य चलता है। उन्होंने बताया कि शिविर के व्यवस्थित संचालन के लिए टीम से अन्नपूर्णा क्षत्रिय, गायक कुलदीप सार्वा, अजय उमरे, दिनेश वर्मा, राजेश साहू, नवीन साहू, संजू, नेहा, जया और अनुराधा का सहयोग दे रहे है।





## शिविर का समापन 10 को



संस्कृति विभाग छग शासन एवं कुहुकी के संयुक्त तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राज्य स्तरीय लोकवाद्य कार्यशाला शिविर का समापन मंगलवार की शाम कुहुकी कला ग्राम संग्रहालय परिसर, मैत्रीबाग चौक, मरोदा सेक्टर में होने जा रहा है। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई के चेयरमैन नरेंद्र बंछोर करेंगे। विशेष अतिथि नगर पालिक निगम, रिसाली सभापति केशव बन्छोर, मरौदा, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, साहित्यकार परदेशी राम वर्मा और नगर पालिका निगम, रिसाली के महापौर परिषद सदस्य सनीर साहू होंगे। इस अवसर पर लोक रागिनी, लोक कला मंच द्वारा लोक गीत एवं लोक नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने बताया की समापन कार्यक्रम में कुहुकी एवं लोक रागिनी परिवार वार्ड-12, मरोदा सेक्टर सहित कोई भी कला प्रेमी इस अवसर पर उपस्थित हो सकते है।





# नानी अम्मा के उर्स में शामिल हुए जायरीन, चादरपोशी के साथ हुआ लंगर



**भिलाई।** ताज दरबार कैंप एक भिलाई में इस वर्ष हजरत नानी अम्मा रहमतुल्ला अलैहि का 19 वां उर्स पाक पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों की संख्या में जायरीन शामिल हुए और उन्होंने चादरपोशी की रस्म अदा की। लोगों ने खैर और बरकत की दुआएं मांगी। इसके बाद फ़ातिहा ख्वानी की गई। जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोगों ने लंगर में भागीदारी दी। ताज दरबार की खिदमत गुज़ार एवं हज़रत नानी अम्मा कल्याण समिति की अध्यक्ष हज्जन बदरुन्निसा ताजी और गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत किया।

## केंवट समाज के प्रदेश स्तरीय चुनाव पर हुई चर्चा, सभी जिलों के पदाधिकारी हुए शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज द्वारा केन्द्रीय कोहका भिलाई कार्यालय में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा आगामी प्रदेश स्तरीय चुनाव के विषय में चर्चा की गई साथ ही तीन वर्ष की आय-व्यय की भी जानकारी सभी को दी गई। कार्यक्रम में सभी जिला अध्यक्षों का स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष निषाद समाज गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक निषाद, गायत्री केवट, मनोहर निषाद, गिरधर निषाद, अशोक निषाद, कोमल निषाद, प्रदीप केवट, डॉ घनश्याम निषाद, बुधारु राम निषाद, संतोष जलतारे, खिलावन निषाद, बिरेंद्र कुमार निषाद, भोजाराम निषाद, मलेश निषाद, लखन निषाद, चोवा राम निषाद, नरेन्द्र निषाद, राजेन्द्र निषाद, सुदर्शन निषाद, झुमुक निषाद सहित आदि मौजूद थे।



रंग और ब्रश से अपनी पेंटिंग और पोस्टर के माध्यम से देश दुनिया को दिया संदेश

# जल, जमीन व जंगल बचाओ, धरा से प्लास्टिक और प्रदूषण भगाओ की थीम पर बच्चों ने पेंटिंग कर भरे कल्पनाओं के रंग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउदेश्यीय संस्था के तत्वावधान में जल, जमीन और जंगल बचाओं, धरा से प्लास्टिक व प्रदूषण भगाओं की थीम पर ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कैम्प 1 के सामुदायिक भवन वार्ड 28 संडे की सुबह आयोजित किया गया था। इस दौरान बच्चों ने रंग और ब्रश से अपनी पेंटिंग व पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया कि आने वाले भविष्य में पर्यावरण को नष्ट करने के लिए जितना मानव जिम्मेदार है उतना ही उन्हे पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा, तभी मानव समाज का कल्याण होगा।

जल, जमीन, जंगल बचाओं, धरा से प्लास्टिक व प्रदूषण भगाओं विषय पर सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने प्रतियोगिता में शिरकत कर अपने कल्पनाओं को ब्रश दवरा खूबसूरत रंगों से पेंटिंग और ड्रांईग के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सामाजिक कार्यकर्ता व संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने बताया कि जल, जमीन, जंगल बचाओं, धरा से प्लास्टिक व प्रदूषण भगाओं विषय पर ड्राईंग प्रतियोगिता का यह 16वां वर्ष है। लेकिन कैम्प 1 क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता का यह आयोजन पहली बार हुआ है। इस प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखकर ऐसा लगा कि यहां कॉम्पीटिशन न हो कर जलवायु से संबंधित विशाल उत्सव का कोई आयोजन हुआ हो। इस दौरान काफी देर तक छात्र-छात्राओं के आने का सिलसिला चलता रहा।



मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा शासकीय कार्य से ब्राजील में रहते हुए टेलिफोनिक और अपने संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उनके पत्र का वाचन अभिलाषा मिश्रा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ साथ सभी प्रतिभागी छात्रो को प्रमाण पत्र के साथ वितरित किया गया। रैंक के आधार पर प्रतिभागियों को स्मृति चिंन्ह व प्रमाण पत्र से नवाजा गया।



पेंटिंग व ड्राईंग प्रतियोगिता में जजमेंट में सागरिका पाढ़ी, अभिलाषा मिश्रा, रिंकू भट्टाचार्य ने पारदर्शिता के साथ निर्णायक की भूमिका निभाई।

### यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में प्रायमरी श्रेणी से प्रथम निधि, द्वितीय जिज्ञासा देवांगन, तृतीय अक्षिता मिश्रा विजेता रही। मिडिल कक्षा से प्रथम अनुश्री भट्टाचार्य, द्वितीय अर्पिता, तृतीय खुशी मौर्या रही। हाईस्कूल के छात्रों में प्रथम यजस्वी देवांगन, द्वितीय आर्यन साहू, तृतीय योमेश्वरी ठाकुर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विजेता बनी। अतिविशिष्ट सम्मान प्रणव गुप्ता को और सबसे पहले 5.30 बजे पहुंचने वाले अनमोल को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सांत्वाना पुरस्कार सोनी व ख्याति देवांगन को प्रदान किया गया।

इस आयोजन में अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउदेश्यीय संस्था की सदस्य सोनम गुप्ता, विकास भट्टाचार्य, अभिषेक गुप्ता, वंदना सिंग व कैम्प के सभी अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।

## सिटी इवेंट

# छग के कलाकारों ने अकादमी के बोर्ड मेम्बर का किया स्वागत



**भिलाई।** मुम्बई के जेजे आर्ट्र्स कालेज के प्राध्यापक मारुति बाबूराव शेल्के का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। वे संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के ललित कला अकादमी में महाराष्ट्र राज्य से सदस्य तथा बोर्ड मेम्बर हैं। छत्तीसगढ़ आगमन पर छग के सभी कलाकारों की ओर से उनका सम्मान मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने किया। मुंबई के मारुति बाबूराव शेल्के कला के कठिनतम ग्राफिक आर्ट्र्स से है, जिसके लिए वे देश दुनिया में पहचाने जाते हैं। मुम्बई के जेजे आर्ट्र्स कालेज ने भारत को एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं उसमें पढ़ाते हुए उन्होंने सैकड़ों छात्रों को कला की दीक्षा दी है। विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन करते हुए वे पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करते रहते हैं। भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ अर्थात दक्षिण कोसल आगमन पर उन्होंने अत्यंत ही प्रसन्नता जताते हुए कहा कि उनके वर्षों का सपना अब पूरा हुआ है।

## लाइव इवेंट

# प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में कैट दुर्ग इकाई ने की शिरकत



**भिलाई।** कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल' विषय पर प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन कॉलेज के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कैट दुर्ग इकाई से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, प्रदेश मंत्री पवन बड़जात्या प्रमुख रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार अध्यक्ष सुनील सिंधी, विधायक राजेश मूणत, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार सदस्य अमर पारवानी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वोकल फॉर लोकल के आह्वान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बनी टेक्नोलॉजी, उपकरण और हथियारों में आत्मनिर्भर भारत की झलक है। हमारे इंजीनियर, टेक्निशियन और श्रमिकों का पसीना इस सफलता का आधार है। यह अभियान पूरे देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने वाला है। कार्यक्रम में कैट दुर्ग इकाई से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, प्रदेश मंत्री पवन बड़जात्या, दुर्ग इकाई अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, कार्यकारी अध्यक्ष पीयूष देशलहरा, महिला इकाई से पायल जैन, गूंजा पींचा, अमीना हिरानी, प्रीतिका चौहान , प्रीति सोनी और प्रतिभा पुरोहित सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ सम्मेलन में भागीदारी निभाई। अंत में, सभी उपस्थित व्यापारियों ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने, प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रहित में आर्थिक आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया।

- वोकल फॉर लोकल पर हुआ मंथन

## एजुकेशन इवेंट

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तीन छात्र अचीवर अवार्ड से हुए सम्मानित



**भिलाई।** दाऊ श्री वासुदेव कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग के तीन छात्रों को वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बड़ोदा अचिवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। तीनों छात्रों को यह अवार्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत शैक्षणिक, खेल एवं ऑलराउडर में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया गया। मातस्यिकी महाविद्यालय कवर्धा की आरती राजपूत को शैक्षणिक में 8.5 सीजीपीए के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त करने, पशुचिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा के विक्रम चौधरी को खो-खो, टेबल-टेनिस जैसे खेल प्रतियोगिताओं में 2 गोल्ड, 1 सिल्वर मेडल जीतने एवं पंतनगर में आयोजित राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जितकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया। दिव्यांशु जायसवाल को 8.21 सीजीपीए के साथ बैच टॉपर बनने, डिजिटल पोस्टर प्रस्तुति में दूसरा, विश्व अंडा दिवस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने एवं अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल टूर्नामेंट की सदस्यता के लिए ऑलराउडर का ख़िताब दिया गया। यह पुरस्कार बैंक ऑफ बड़ोदा गंजपारा, दुर्ग की ओर से दिया गया। इन सभी छात्र-छात्राओं को बैंक की तरफ से 31-31 हजार के डिमांड ड्रॉफ्ट के साथ प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह, निदेशक शिक्षण डॉ.सुशांता पॉल, अधिष्ठाता डॉ.संजय शाक्य, डॉ.के.मुखर्जी, निदेशक अनुसंधान डॉ.जी.के.दत्ता, निदेशक फार्म डॉ.धीरेन्द्र भोंसले, रिजनल मैनेजर बैंक ऑफ बड़ोदा, दुर्ग अनंत माधव, ब्रॉच मैनेजर बैंक ऑफ बड़ोदा, दुर्ग विमल कुमार गुप्ता, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, डॉ.सुभाष वर्मा, डॉ.आर.सी.रामटेके, डॉ.शबीर अनंत, निज सचिव संजीव जैन की उपस्थिति में यह अवॉर्ड दिया गया।

- शैक्षणिक, खेल व ऑलराउडर में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने तीन छात्र अचीवर अवार्ड से सम्मानित

---

ब्रह्माकुमारीज़ का आयोजन गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर का पांचवा दिन

# सृष्टि के रंगमंच में मेरे जैसा दूसरा कलाकार नहीं, जो परमात्मा ने मुझे दिया वो बहुत अच्छा, अपनी विशेषताओं का रोज करें चिंतन: बीके

**भिलाई।** जो खुद को प्यार करते हैं उनके जीवन में डिप्रेशन शुन्य हो जाता है। रोज चिंतन करें, इस सृष्टि के रंगमंच पर मेरे जैसा दूसरा कलाकार है ही नहीं। जीवन में अपने मिले हुए पार्ट को संतुष्ट होकर बजायें यानी निभाएं। अपने अंदर की विशेषताओं का रोज चिंतन करें। अपने अन्तर्मन और घर में लिख लीजिये "मै बेस्ट हूं । जो पार्ट परमात्मा ने मुझे दिया है वो बहुत अच्छा है।" यह बातें तनावमुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में नौ दिवसीय निशुल्क ''अलविदा तनाव शिविर" का आयोजन किया दगया है। शिविर के पांचवे दिन के सत्र में तनावमुक्त और निश्चिंत जीवन का रहस्य बताते हुए कही। शिविर में अंचल के बौद्धिक जन काफी संख्या में शामिल होकर तनाव मुक्ति का मंत्र सीख रहे है। ब्रह्माकुमारी पूनम ने कहा कहा कि रिश्तों में प्यार, सम्मान, दर्द जो भी हम देते हैं वही वापस आता है। जो देंगे वही हमें वापस मिलता है। इसलिए सभी को प्यार, शुभ भावना, खुशी, दुआएं और सहयोग देना है, तभी हम सदा सुखी रह पाएंगे। यही भारत की प्राचीन संस्कृति है।




### परमात्मा को ट्रस्टी बनाकर हर कर्म अर्पण करें

सुखी रहने के लिए अपनी सभी जिम्मेदारी और परेशानी परमात्मा को सौंप कर ट्रस्टी बनकर हर कार्य करे और उससे प्राप्त परिणाम परमात्मा को अर्पित कर दें। यदि दिल से अर्पित करेंगे तो परमात्मा की शक्तियां काम करने लगेंगी व समाधान सामने आ जायेगा।

### हमें संसार में बेस्ट पार्ट निभाना है

उन्होंने बताया कि इस संसार को मुसाफिर खाना कहा जाता है। यहां हम सभी एक ट्रेन में बैठे मुसाफिर हैं। जब जिसका स्टेशन आएगा वही से हमें अकेले जाना होगा। जहां से आये हैं एक दिन वहां ही जाना है। इसे सृष्टि मंच भी कहा जाता है जहां हम सब कलाकार अभिनय करते हैं, मुझे अपना पार्ट बेस्ट निभाना है। साथ ही स्प्रीचुअल इंजेक्शन (मंत्र) देते हुए कहा कि मैं इस सृष्टि रूपी रंग मंच पर एक महान कलाकार हूं। इसे दोहराएं।



**मनाया परिवर्तन उत्सवः** सत्र के अंत में परिवर्तन उत्सव मनाया गया। कोरोना काल में सब कुछ ऑनलाइन हो गया था जिसे हम सब ने स्वीकार किया, परिवर्तन किया। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा परिवर्तन की अध्यात्मिक दिवाली दुआएं देने का दीप जलाकर परिवर्तन उत्सव मनाया गया। इस प्रेरणादायी वातावरण में सबने उमंग-उत्साह से अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का दृढ़ संकल्प किया। अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर बुधवार शाम 7 बजे तक सभी के लिए निशुल्क रखा गया है।

### गीतों पर कराया तनावमुक्त मेडिटेशन का अभ्यास



शिविर के पांचवें दिन बीके पूनम ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार सब सौंप दो प्यारे प्रभु को गीतों के माध्यम से मेडिटेशन करवाकर तनावमुक्त स्थिति का अभ्यास करवाया। जिसके बाद सभी ने ताजगी का अनुभव किया। शिविर के पांचवें दिन बीके पूनम ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार सब सौंप दो प्यारे प्रभु को गीतों के माध्यम से मेडिटेशन करवाकर तनावमुक्त स्थिति का अभ्यास करवाया। जिसके बाद सभी ने ताजगी का अनुभव किया।

### लिखकर कराया अभ्यास, बताए फायदे

उन्होंने मैं इस सृष्टि रूपी रंग मंच पर एक महान कलाकार हूं को लिखकर अभ्यास करने के लिए कहा। साथ ही बताया कि यदि 21 दिन तक 108 बार अनुभव करते हुए कोई अच्छा विचार आधा मिनट अनुभव करके लिखते है तो तनाव के कारण ब्रेन में जो ब्लाकेज हो जाते हैं वे खुल जाते हैं क्योंकि लिखने से ब्रेन में मूड को अच्छा करने वाले हार्मोन पैदा होने लगते हैं। इससे मन की सारी बीमारियां दूर हो जाती हैं। अनिद्रा की बीमारी ठीक हो जाती है, सीवियर डिप्रेशन से बाहर आ जाते हैं।

---

## निकली कलश यात्रा...

# संत कबीर के दोहे इंसान को नई प्रेरणा देकर बनाते है सकारात्मक



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा कबीर मंदिर रुआबांधा में रविवार को सद्गुरु कबीर साहेब के प्रगट दिवस मनाया गया। आयोजन में अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा से हुई। 11 बजे महंत देवदास साजा मोहतरा के मुखारविंद से भजन, सत्संग और प्रवचन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम 5 बजे सात्विक आनंदी चौका महंत देवदास मोहतरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर ने कबीर साहेब की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदगुरु कबीर साहेब के उपदेश आज भी समाज को सत्य, समानता और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके विचार मानव कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हमें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हैं। संत कबीर अंधविश्वास, ढोंग, पाखंड और व्यक्ति पूजा के कट्टर विरोधी रहे। वे समाज में फैले आडम्बरों के सख्त विरोधी थे। उन्होंने लोगों को एकता के सूत्र का पाठ पढ़ाया। वे लेखक और कवि थे। उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। उन्होंने अपने पूरे जीवन काल में मानव को एक समान रहने और सद्भाव बनाने का प्रयास किया। सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव सेवा में व्यतीत किया और अपने जीवन के अंतिम समय तक इसी प्रयास में लगे रहे। संत कबीर दास ने अपना पूरा जीवन काशी में बिताया लेकिन जीवन का अंतिम समय मगहर चले गए थे। ऐसा उन्होंने मगहर को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को खत्म करने के लिए किया था। मगहर के बारे में कहा जाता था कि यहां मरने वाला व्यक्ति नरक में जाता है। कबीर दास ने इस अंधविश्वास को समाप्त करने के लिए मगहर में ही 1518 में देह त्यागी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, महामंत्री दशरथ साहू, अशोक यादव, जग्गू यादव, संतोष दास मानिकपुरी, बीरबल दास मानिकपुरी, अमर दास मानिकपुरी, रंगदास, गुलाबदास, मोहन दास, दिनेश दास, नरेश दास, राजा नंद दास समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## 23 जुलाई को होगा आयोजन

# बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर लगेगी चित्र प्रदर्शनी, होगी स्पर्धाएं



**भिलाई।** लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाने के संदर्भ में श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल भिलाई-दुर्ग की कार्यकारिणी समिति की बैठक सुपेला में रखी गई। जिसमें लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती 23 जुलाई को मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष अभय वडनेरकर ने बताया कि बैठक में जयंती के अवसर पर चित्र प्रदर्शनी सहित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित करने की रुप रेखा बनाई गई। इस दौरान इस आयोजन के लिए सदस्यों को जवाबदारी सौंपी गई। इस बैठक में अशोक चेंडके, प्रदीप गाडगे, संजय खानखोजे, हर्षवर्धन वझे, प्रशांत देशपांडे, अभय वडनेरकर, अंजलि वडनेरकर, नेहा खानखोज, मंदाताई कामीनकर और अनमोल वडनेरकर सहित श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल भिलाई-दुर्ग के कई सदस्य उपस्थित थे।

**श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल की बैठक में तिलक जयंती मनाने का निर्णय**

---

## कार्नर न्यूज

18 जून की शाम को निकलेगी कलश यात्रा, पं. मिश्रा का होगा आगमन

# अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथा निकुम में 19 से, एसपी ने लिया जायजा, आज होगा भूमिपूजन



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले दवरा दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में 19 जून से 23 जून तक शिवपुराण कथा का वाचन करेंगे। स्व. पुकेष्वर सिंह भारदीय कॉलेज ग्रांउड भाठापारा निकुम में कथा का आयोजन किया गया है। कथा सुनने के लिए लाखों की तादात में भक्तों की आने की उम्मीद है, निकुम समीपस्थ जिला राजनांदगांव व बालोद सहित दुर्ग भिलाई से महज 30 किमी दूरी पर होने से आयोजन में काफी संख्या में भीड़ रहेगी। तैयारी का जायजा लेने पुलिस की टीम कथी स्थल पहुंची। वही आज कथा स्थल पर शाम 4 बजे में भुमिपूजन कर टेंट लगाने का कार्य शुरु हो जाएगा। जिसमें वाटर प्रुफ पंडाल बनाया जाएगा।



### शिवपुराण में मिल रहा ग्रामीणों का सहयोग

निकुम में शिवमहापुराण कथा को लेकर पुरे अंचल में शिव भक्तों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ रही है। निकुम सहित सभी क्षेत्रों से हर संभव सहयोग भी आयोजकों को मिल रहा है। आयोजन के लिए हजारों महिलाओं व युवा टीम कमर कस के दिन-रात सभी भक्तों के लिए पेयजल, भोजन भंडारा को सुव्यवस्थित कार्य करने में लगे हुए है। वही सोमवार को कथा स्थल में भुमिपूजन सहित टेंट लगने का कार्य चलेगा, जिसमें वाटर प्रुफ पंडाल बनाया जाएगा।

**अंडा पुलिस की चप्पे चप्पे पर रहेगी पैनी नजरः** थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव के नेतृत्व में पुलिस कथा आयोजन को लेकर तैयारी में जुट गयी है और लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है। दुर्ग पुलगांव चौक से अंजोरा रोड, बिरेझर खाड़ा निकुम रोड, कोनारी से निकुम, अंडा निकुम, गोड़ेला से निकुम सहित सभी पांइट पर जिला पुलिस बल, अंडा पुलिस, पुलिस वाहन 112 सहित हजारो वालिंन्टियर तैनात रहेगें। सेवा सहकारी समिति निकुम में दो हैलीपैड बनेगे। वही रेस्ट निकुम में कथावाचक प्रदीप मिश्रा पूरे सुरक्षा घेरे में रहेगें। वही मौके पर पुलिस अधिकारी पहुचकर आयोजन की रुप रेखा व सुरक्षा में लगे है। आयोजकों ने रविवार को छग सीएम की पत्नी कौशल्या देवी साय को शिव कथा में आमंत्रित होने निमंत्रण दिया। कथा के एक दिन पहले 18 जून शाम 4 बजे पं प्रदीप मिश्रा के आगमन पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत करने की तैयारी चल रही है।

### दुर्ग पुलिस अधीक्षक ने कथा में जाकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

19 से 23 जून तक होने वाले कथा स्थल का जाजजा लेने दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल और पुलिस अधिकारियों सहित निकुम पहुंचे। जहां उन्होंने शिवपुराण कथा आयोजक समिति निकुम प्रमुख रुपेश देशमुख से आयोजन की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर, व्हीआईपी व्यवस्था, आवागमन, ट्रैफिक व्यवस्था, कथापंडाल, बिजली, पानी, शौचालय, निस्तारी तालाब और प्रदीप मिश्रा के ठहरने की जानकारी लेकर सभी विभाग लोक निर्माण विभाग, पुलिस व्यवस्था, यातायात पुलिस, पार्किंग बस रुट, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड, वालींटियर, दो हैलीपेड सहित सभी व्यवस्थाओं पर जानकारी लेकर व्यवस्था व विभागो की मींटिग करने की बात कही। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र पहनकर कलश यात्रा मां शीतला मंदिर निकाली जाएगी। जो ग्राम में विराजित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से होकर कथा स्थल में पहुंचेगी। जहां हजारों थाल के साथ महा आरती करने की तैयारी भी की जा रही है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में अव्वल रही नार्थ जोन की टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस /अंडर 23 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत रविवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम नॉर्थ जोन ने वेस्ट जोन के विरुद्ध 8 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन ने 9 विकेट पर 99 रन बनाए। जिसमें निधि सूर्यवंशी ने 35 रन, कृति गुप्ता ने 17 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की उर्मिला हरिना ने तीन विकेट, प्रतिज्ञा सिंह एवं आंशी अग्रवाल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोनने दो विकेट पर 100 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 33 रन, शिवी पांडे ने नॉट आउट 30 रन और ईशा भारती देवांगन ने 30 रन बनाएं। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की संजीता पटेल एवं प्रिया साव ने एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में टीम साउथ जोन ने सेंट्रल जोन के विरुद्ध सात रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 7 विकेट पर 110 रन बनाए। सृष्टि शर्मा ने 38 रन और शिवानी यादव ने नॉट आउट 17 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की मोनिका ढीमर ने दो विकेट, ममता भगत, वीरता चौहान, मनस्वी निर्मलकर एवं मनप्रीत कौर गिल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 6 विकेट पर 103 रन बनाए। मनप्रीत कौर गिल ने नॉट आउट 39 रन, प्रिया साव ने 23 रन और योगिता लहरे ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की शिवानी यादव ने 3 विकेट, हेमा मंडावी ने 2 विकेट और प्रांशु प्रिया एक विकेट लिए। इस प्रकार लीग मैच की समाप्ति के बाद प्रथम नॉर्थ जोन, द्वितीय वेस्ट जोन,तृतीय साउथ जोन, चतुर्थ सेंट्रल जोन और पंचम ईस्ट जोन की टीम रही।

### सीसीपीएल में बस्तर बायसंस जीता, शशांक प्लेयर ऑफ द मैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है।



रविवार का दूसरा मैच बस्तर बायसंस तथा सरगुजा टायगर्स के मध्य खेला गया। बस्तर बायसंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। सरगुजा टायगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाये। सरगुजा टायगर्स की ओर से आशुतोष सिंह ने 27 गेंदों में 43 रनों की पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त शुभम सिंह ने नाबाद 27 रन तथा शाश्वत शारदा ने 25 रनों का योगदान दिया। बस्तर बायसंस की ओर से सौरभ मजुमदार, नमन ध्रुव, शशांक तिवारी तथा उत्कर्ष तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर बायसंस ने सधी हुयी शुरुवात की तथा पहले विकेट के लिये 60 रनों की साझेदारी की। शशांक चंद्राकर ने शानदार पारी खेलते हुये नाबाद 84 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त संगीत सोनी ने 30 रनों की पारी खेली। सरगुजा टायगर्स की ओर से धनंजय नायक तथा गगनदीप सिंह ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। बस्तर बायसंस ने मैच 8 विकेट से जीत लिया। शशांक चंद्राकर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये।

### बिलासपुर बुल्स की जीत मोहित प्लेयर ऑफ द मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक षहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। पहला मैच बिलासपुर बुल्स तथा रायगढ लायंस के मध्य खेला गया। बिलासपुर बुल्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। रायगढ लांयस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 157 रन बनाये। रायगढ लांयस की ओर से अनुराग साहु ने 47 गेंदों में 55 रनों की पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त आदित्य सिंह ने 44 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर बुल्स की ओर से हर्ष राठौर तथा मोहित राउत ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बारिश की वजह से बिलासपुर बुल्स को 16 ओवरों में 130 रनों का परिवर्तित लक्ष्य दिया गया। 130 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर बुल्स ने 15.3 ओवरों में 3 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बिलासपुर बुल्स की ओर से आयुश पांडे ने शानदार 50 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त मोहित राउत ने 35 रनों का योगदान दिया। रायगढ लांयस की ओर से आयुश सिंह ठाकुर ने 2 विकेट प्राप्त किये।

आपके शरीर की प्राकृतिक वृद्धि को सुगम बनाता है जिंक, जरूर करें इस्तेमाल

# आपके लिए जिंक की मौजूदगी भी जरूरी इम्युनिटी बढ़ाने के साथ-साथ कई फायदे

शरीर को बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए आहार के माध्यम से पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। पोषक तत्व, शरीर को स्वस्थ रखने, अंगों को बेहतर तरीके से काम करते रहने और बीमारियों से बचाव के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। जिंक, ऐसा ही एक अति आवश्यक तत्व है, जिसका शरीर के कई कार्यों में विशेष योगदान माना जाता है।

जिंक एक प्रकार का खनिज है जो शरीर के कई सामान्य कार्यों और प्रणालियों के लिए आवश्यक है, जिसमें प्रतिरक्षा प्रणाली, घावों का भरना, रक्त का थक्का जमाना, थायरॉइड फंक्शन और स्वाद-गंध की इंद्रियों के कार्यों को ठीक रखना शामिल है। इसके अलावा जिंक गर्भावस्था, बचपन और किशोरावस्था के दौरान सामान्य वृद्धि और विकास में भी सहायता करती है।

यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी उम्र के लोगों को आहार के माध्यम से जिंक प्राप्त करते रहने की सलाह देते हैं।



### शरीर की इम्युनिटी के लिए जरूरी है जिंक



रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए जरूरी होता है। कोरोना महामारी के दौरान यह हम सभी अच्छी तरीके से समझ चुके हैं। अध्ययनकर्ता बताते हैं कि प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए जिंक भी बहुत आवश्यक है।

जिंक पूरे शरीर की कोशिकाओं में पाई जाती है। यह आपके प्रतिरक्षा तंत्र को हमलावर बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करती है। आपका शरीर डीएनए (कोशिकाओं में आनुवंशिक सामग्री) और प्रोटीन बनाने के लिए भी जिंक का उपयोग करता है। आइए जानते हैं कि आहार के माध्यम से इस पोषक तत्व को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

### रोजाना खाएं नट्स

नट्स, जिंक और अन्य आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करते हैं। मूंगफली, काजू और बादाम जिंक के अच्छे स्रोत हैं। ये नट्स स्वस्थ वसा, विटामिन और फाइबर भी प्रदान करते हैं, जो शरीर को सेहतमंद रखने के लिए आवश्यक है। काजू में जिंक की मात्रा सबसे अधिक होती है, इसलिए आप आहार में इन नट्स को शामिल कर सकते हैं। अध्ययनकर्ता बताते हैं, रोजाना मुट्ठीभर नट्स का सेवन हृदय रोगों से बचाने में फायदेमंद है।

### कद्दू के बीजों में जिंक

कद्दू के बीज को कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है, ये जिंक के लिए भी फायदेमंद है। 100 ग्राम कद्दू के बीज में लगभग 7.5 मिलीग्राम जिंक होता है, जो अनुशंसित दैनिक सेवन का लगभग आधा है। आहार में जिंक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट भी है जो मेटाबॉलिज्म प्रक्रिया में भी मदद करती है।

### अंडे खाने से मिलता है लाभ

अंडों को प्रोटीन के सबसे अच्छे स्रोतों में से एक माना जाता है, इसके सेवन से आप जिंक भी प्राप्त कर सकते हैं। एक बड़े उबले अंडे में 0.53 मिलीग्राम जिंक होती है, जो पुरुषों के लिए दैनिक जरूरतों के 4.8% और महिलाओं के लिए 6.6% के बराबर है।



## लव राशिफल से जानिए कैसे गुजरेगा आपका प्रेम जीवन

व्यक्ति के जीवन में प्रेम संबंध और वैवाहिक संबंध का विशेष महत्व होता है। चंद्र राशि की गणना के आधार पर रोज होने वाली वार्ता के संबंध में भविष्यवाणी की जाती है। यहां दिया गया दैनिक लव राशिफल चंद्र राशि पर आधारित है। मेष लव राशिफल

प्रेम संबंधों को लेकर आप असुरक्षित महसूस कर सकते हैं जिससे आपके भीतर का आत्मविश्वास भी डगमगा सकता है। आप अपनी कमियों पर काबू करने का प्रयास करें इससे आपके भीतर अविश्वास की भावना जाग्रत नहीं होगी।

### वृष लव राशिफल

आज आप रोमांटिक मूड में रह सकते हैं और प्रेमी को भी इसका अहसास दिला सकते हैं लेकिन शायद आज प्रेमी का मिजाज अच्छा ना रहें। उनका मूड ठीक करना आपकी जिम्मेदारी बनती है इसीलिए कोई उपहार देकर



या उनका मन बहलाकर उन्हें खुश करने की कोशिश कीजिए, यह आप दोनों को और करीब लाएगा।

### मिथुन लव राशिफल

आज प्रेमी के व्यवहार में आपको उतार चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। आपको लगेगा कि वह बहुत ही ज्यादा भावुक व आवेशी हो रहा है लेकिन दूसरे ही पल आपको महसूस होगा कि वह वह अचानक चुप सा कहीं खो गया है। उसकी योजना या भाव आपके सामने आज अस्पष्ट रह सकते हैं।

### कर्क लव राशिफल

आपका दिन आज बहुत बढ़िया नहीं कहा जा सकता है और आज आप किसी बात को लेकर अपने प्रेमी के सामने झूठ का सहारा भी ले सकते हैं। यदि आप चाहते हैं कि दिन अच्छा बना रहे तब आप दोनों को कहीं बाहर घूमने जाना चाहिए।



## छत्तीसगढ़ का म्यू थाई दल हरियाणा रवाना

**रायपुर।** यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में हरियाणा स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएशन द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 09 से 14 जून तक महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक (हरियाणा) में किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि प्रदेश म्यूथाई दल में कुल 51 चयनित म्यू थाई खिलाड़ियों और 09 अधिकारियों का दल इस प्रतियोगिता में भाग लेगा। राज्य म्यू थाई संघ के अनुरोध पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के संरक्षक किरणसिंह देव की अनुशंसा पर खेल मंत्री टँक राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ म्यूथाई दल की रोहतक रवानगी के पूर्व ट्रेक सूट स्वीकृत किया। विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के खिलाड़ियों को ट्रेक सूट का वितरण शम्भू गुप्ता (योगाचार्य, प्रदेश संयोजक-स्वच्छ भारत मिशन, भारतीय जनता पार्टी) ने एक सादे समारोह में देवेंद्र नगर रायपुर स्थित विवेकानन्द मार्शल आर्ट्स एकेडमी में किया। 60 सदस्यीय दल में 51 खिलाड़ी (28 बालक, 23 बालिकायें) छत्तीसगढ़ म्यू थाई दल में विगत माह दल्ली राजहरा जिला बालोद में आयोजित 24वी राज्य स्तरीय म्यूथाई चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर स्थान बनाने में कामयाब रहे है जो 08-09, 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 & +23 वर्ष के अलग अलग वजन वर्ग में भाग लेंगे।

इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में रायपुर जिले से सर्वाधिक 25 खिलाड़ी (18 बालक, 07 बालिका), बस्तर से 19 खिलाड़ी (09 बालक, 10 बालिका), बालोद से 06 खिलाड़ी (01 बालक, 05 बालिका) तथा दंतेवाड़ा से 01 बालिका खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

खिलाड़ियों में ऐशिनी वर्मा, मंजू साहू, भार्गवी उइके, शिवानी वर्मा, समिधा अग्रवाल, मानसी तांडी, दिव्या अग्रवाल, नित्यम कुमार साहू, कुशाग्र कुमार साहू, अर्चित केशरवानी, कार्तिक वर्मा, जय कुमार, आदित्य सोलंकी, विद्या कुमार सोनी, सुभान्श मानिकपुरी, लक्ष्मीनारायण साहू, भवजोत सिंह, विकल्प द्विवेदी, शुभम कुमार निषाद, पारस सावरकर, आर्यन पटेल, अनुभव राय, विशाल हियाल, प्रवीण कुमार जायसवाल (सभी रायपुर),मनन झावर, वुककेम विक्टर लेनिन चैतन्य, कल्पेश शोरी, एलेक्स कुमार, शौर्य सिंह ठाकुर, आदित्य युराज नाग, ओम कुमार नुप्पो, सुभम बिस्वास, युवराज सिंह, आरवी अवस्थी, अन्वी जैन, वन्दना गोयल, भुनेश्वरी महावर, गरिमा नाग, वेदांशी ठाकुर, वंशिका बंछोर, दीपिका कश्यप, खुशबू कश्यप, गीताक्षी श्रीवास (सभी बस्तर, हिमानी डड़सेना, सिमरन सिंह, साधिके दुबे, जिया जायसवाल, वाणी और हर्ष कुमार (सभी बालोद) तथा टिकेश्वरी साहू (दंतेवाड़ा) राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। दल में राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू (बालोद) और महासचिव अनीस मेमन (रायपुर) आम सभा मे राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में अंतरराष्ट्रीय निर्णायक हरबंश कौर, प्रणव शंकर साहू और राष्ट्रीय निर्णायक अमन यादव कार्य करेंगे। कोच मैनेजर का दायित्व अब्दुल मोईन, नवीन ठाकुर और राजेन्द्र सिंह राजपूत (तीनों बस्तर और प्रभा साहू (धमतरी) निभाएंगे।

## हथेली में हो ऐसी रेखा तो मिलता है अमीर साथी



हथेली की विवाह रेखा और कुछ अन्य निशान को देखकर जाना जा सकता है कि आपको कैसा जीवनसाथी मिलेगा। साथ ही सदी के बाद कितनी तरक्की मिलेगी।

### कहां होती है विवाह रेखा?

हाथ की सबसे छोटी अंगुली के नीचे कुछ बेहद बारीक और आड़ी-टेढ़ी रेखाएं होती हैं। ये रेखाएं हथेली के बाहर से अंदर की तरफ आती हैं। ये रेखाएं हृदय रेखा के ठीक ऊपर होती है। इन्हीं को विवाह की रेखा कहा जाता है। विवाह रेखा एक या एक से अधिक भी हो सकती है।

### ऐसी विवाह रेखा होती है शुभ

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली में विवाह रेखा स्पष्ट दिखाई देती है, उन्हें एक अमीर जीवनसाथी मिलता है। वहीं यदि चंद्र पर्वत से निकलकर कोई रेखा विवाह रेखा के साथ मिले तो ऐसे लोगों को बहुत प्यार करने वाला जीवनसाथी मिलता है। ऐसे लोगों का दांपत्य जीवन हमेशा खुशहाल रहता है।

यदि किसी व्यक्ति की हथेली में विवाह रेखा हल्की और पतली हो वे अपने जीवनसाथी के प्रति ज्यादा गंभीर नहीं रहते हैं। ऐसे लोगों के एक से ज्यादा प्रेम संबंध होते हैं। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार शादी के बाद भी इनके अफेयर होने की आशंका रहती है।

यदि किसी व्यक्ति की हथेली में विवाह रेखा का रंग लालिमा लिए हुए ऐसे तो ऐसे लोगों के वैवाहिक जीवन में खुशियां बनी रहती हैं। इनका वैवाहिक जीवन हमेशा प्रेम-उत्साह बना रहता है। वहीं विवाह रेखा का पीला या सफेद होना दांपत्य के प्रति उदासीनता दिखाता है।

कार्नर न्यूज

वास्तु शास्त्र में बताया गया मंत्रों का प्रयोग जरूर करें

# दिशाओं के वास्तुदोष को दूर करते हैं मंत्र नकारात्मक ऊर्जा नहीं आएगी आपके पास


अक्सर देखा गया है कि कई लोग बहुत मेहनत करते हैं, इसके बाबजूद भी उन्हें ज्यादा सफलता प्राप्त नहीं होती है। इसके कई कारण हो सकते हैं,जिनमें घर में वास्तुदोष भी प्रमुख कारण हो सकता है। वास्तु दोष उत्पन्न होने से घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है, जिसके कारण हमारे साथ दुःख और अशुभ घटनाएं घटित होने लगती हैं। इन सभी परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए वास्तु शास्त्र में मंत्रों का प्रयोग बताया गया है।

### ईशान दिशा

इस दिशा के स्वामी बृहस्पति हैं और देवता हैं भगवान शिव। इस दिशा के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए नियमित गुरू मंत्र 'ओम बृं बृहस्पतये नमः' मंत्र का जप करें। शिव पंचाक्षरी मंत्र ओम नमः शिवाय का 108 बार जप करना भी लाभप्रद होता है।

### पूर्व दिशा

पूर्व दिशा के स्वामी सूर्य और देवता इंद्र हैं। यदि भवन की पूर्व दिशा में वास्तु दोष है। तो इसे दूर करने के लिए प्रतिदिन सूर्य मंत्र 'ओम ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः' का जप करें। इस मंत्र के जप से सूर्य के शुभ प्रभावों में वृद्धि होती है। व्यक्ति मान-सम्मान और




यश प्राप्त करता है। प्रतिदिन 108 बार इंद्र मंत्र 'ओम इन्द्राय नमः' का जप करना भी इस दिशा के दोष को दूर कर देता है।

### आग्नेय दिशा

इस दिशा के स्वामी ग्रह शुक्र और देवता अग्नि हैं। इस दिशा में वास्तु दोष होने पर शुक्र अथवा अग्नि के मंत्र का जप लाभप्रद होता है। शुक्र का मंत्र है 'ओम शुं शुक्राय नमः'। अग्नि का मंत्र है 'ओम अग्नेय नमः'। इस दिशा को दोष से मुक्त रखने के लिए इस दिशा में पानी का टैंक, नल, शौचालय अथवा अध्ययन कक्ष नहीं होना चाहिए।

### दक्षिण दिशा

इस दिशा के स्वामी ग्रह मंगल और देवता यम हैं। दक्षिण दिशा से वास्तु दोष दूर करने के लिए नियमित 'ओम अं अंगारकाय नमः' मंत्र का 108 बार जप करना चाहिए। यह मंत्र मंगल के कुप्रभाव को भी दूर कर देता है। 'ओम यमाय नमः' मंत्र से भी इस दिशा का दोष समाप्त हो जाता है।



### दक्षिण दिशा

इस दिशा के स्वामी ग्रह मंगल और देवता यम हैं। दक्षिण दिशा से वास्तु दोष दूर करने के लिए नियमित 'ओम अं अंगारकाय नमः' मंत्र का 108 बार जप करना चाहिए। यह मंत्र मंगल के कुप्रभाव को भी दूर कर देता है। 'ओम यमाय नमः' मंत्र से भी इस दिशा का दोष समाप्त हो जाता है।

### नैऋत्य दिशा

इस दिशा के स्वामी राहु ग्रह हैं। घर में यह दिशा दोषपूर्ण हो तो व्यक्ति के लिए काफी कष्टकारी हो जाती है। इस दोष को दूर करने के लिए राहु मंत्र 'ओम रां राहवे नमः' मंत्र का जप करें। इससे वास्तु दोष एवं राहु दोनों की शांति होती है।

### पश्चिम दिशा

यह शनि की दिशा है एवं इस दिशा के देवता वरूण देव हैं। इस दिशा में किचन कभी भी नहीं बनाना चाहिए। इस दिशा में वास्तु दोष होने पर शनि मंत्र 'ओम शं शनैश्चराय नमः' का नियमित जप करें।

